


दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना | वर्ष-14, अंक -07 जबलपुर, मंगलवार 04 फरवरी 2025 | कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 | संपादक अरुण श्रीवास्तव


## संसद में महाकुंभ हादसे पर जमकर हंगामा

# महाकुंभ हादसे में साजिश की बू...रविशंकर प्रसाद




नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी द्वारा लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए चर्चा में भाग लिया। रविशंकर प्रसाद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करना कांग्रेस की परंपरा तथा उनके 'राजनीतिक डीएनए' में है।

भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं और संसद का हिस्सा हैं। हमारा नैतिक दायित्व है कि हम उनका सम्मान करें। राष्ट्रपति जी बहुत ही साधारण परिवार से निकलकर आगे बढ़ीं। पिछले दो वर्षों में वह गरिमा और शालीनता से राष्ट्रपति के पद को नई ऊंचाई दे रही हैं। उनके मुताबिक, शायद पहली बार राष्ट्रपति भवन की तरफ से एक विज्ञप्ति जारी कर किसी बयान का खंडन किया गया है। प्रसाद ने सोनिया गांधी की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा, ''मैं इस टिप्पणी की भर्त्सना करना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के साथ क्या-क्या व्यवहार किया गया था, उसकी जानकारी दस्तावेजों में अंकित है। प्रसाद के अनुसार, फखरूद्दीन अली अहमद और ज्ञानी जैल सिंह जैसे पूर्व राष्ट्रपति के साथ क्या व्यवहार किया गया, सबको पता है।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की मृत्यु 1950 में हो गई लेकिन उन्हें 1991 में भारत रत्न दिया गया। एक को छोड़कर सभी 550 रियासतों का प्रबंधन सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया। सिर्फ एक रियासत कश्मीर को जवाहरलाल नेहरू ने संभाला था और उसे संभालने के लिए पीएम मोदी को आना पड़ा था और आज वहां चुनाव हो रहे हैं। महाकुंभ में हुई भगदड़ पर प्रसाद ने कहा कि घटना की जांच चल रही है। जांच से हमें साजिश की बू आ रही है। जब पूरी जांच होगी तो घटना के पीछे जो लोग थे उन्हें शर्म से झुकना पड़ेगा। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भारत पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों की सूची में शामिल था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत हुई तथा पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। उन्होंने विपक्षी दलों पर सनातन के अपमान का आरोप लगाया और कहा, ''सनातन का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

## कुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए, संसद में खडगे ने कहा, धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा





नई दिल्ली. (आरएनएस)। संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया. कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया. सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की. राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा- 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि. राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान (हजारों लोगों की मौत) वापस लेने को कहा. जवाब में खडगे ने कहा कि, यह मेरा अनुमान है. अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है. मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा, लेकिन कितने लोग मारे गए, यह जानकारी तो दीजिए. अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा.

महाकुंभ में 28 जनवरी को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान से पहले रात करीब 2 बजे भगदड़ हुई थी. यूपी सरकार ने 17 घंटे बाद 30 मौतों और 60 लोगों के घायल होने की बात कही. लोकसभा में भी हंगामा कर रहे सांसद वेल तक पहुंच गए. वे स्पीकर ओम बिरला से कुंभ भगदड़ पर चर्चा की मांग कर रहे थे. बिरला ने सांसदों से कहा- आपको जनता ने यहां सवाल पूछने भेजा है कि मेज तोड़ने, अगर मेज तोड़ने भेजा है तो और जोर से मारिए. इसके बाद भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे. वे नारा लगा रहे थे- सरकार कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जारी करे. केंद्र सरकार होश में आओ. योगी सरकार इस्तीफा दो. सनातन विरोधी सरकार इस्तीफा दो. विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट किया. कुछ देर बाद वे वापस आ गए.

## दमोह के जागेश्वरधाम मंदिर में बसंत पंचमी पर भगदड़, पांच महिलाएं घायल

### पुलिस द्वारा मंदिर का दूसरा गेट खुलते ही भगदड़ मच गई



### घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया

**मंदिर कमेटी की लापरवाही के चलते भगदड़ जैसी घटना हुई**

दमोह. (आरएनएस)। एमपी के दमोह स्थित जागेश्वरधाम मंदिर में उस वक्त भगदड़ मच गई. जब क्षमता से अधिक पहुंचे श्रद्धालु पहुंच गए, जिनके बीच धक्का-मुक्की हो गई. धक्का-मुक्की व भगदड़ के बीच पांच श्रद्धालु महिलाओं के शरीर पर चोटें आई है, जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर दो को उपचार के बाद घर भेज दिया गया, वहीं तीन को भरती कर लिया गया है.

बताया जाता है कि बांदकपुर जिला दमोह स्थित जागेश्वर नाथ धाम में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सुबह से हजारों श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर उन्हें जल अर्पण पहुंचे. सुबह करीब 8 बजे के लगभग अचानक हुई भीड़ में महिलाओं के बीच धक्कामुक्की होने से भगदड़ मच गई. जिसमें पांच महिलाओं को चोट आई. किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया. जहां पर केराबाई लोधी सहित तीन की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया. वहीं दो महिलाओं को उपचार के बाद घर भेज दिया गया.

सुबह से ही मंदिर में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. दिन की शुरुआत मंदिर के पुजारियों ने भगवान भोलेनाथ की भव्य आरती से की, इसके बाद भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिए गए. हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा व मां गंगा का जल लेकर भोलेनाथ को अर्पण कर रहे. दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने भी अपनी आठवीं बरमान-बांदकपुर पदयात्रा पूरी कर अपनी पत्नी के साथ भगवान शिव को नर्मदा जल चढ़ाया. जिला प्रशासन के अनुमान के अनुसारए दिन भर में एक लाख से अधिक भक्तों के पहुंचने की संभावना है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के साथ मिलकर व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं.

## भाजपा विधायक के बड़े भाई ने की बेटे की गोली मारकर हत्या



उज्जैन. (आरएनएस)। उज्जैन स्थित ग्राम सुचाई तहसील माकड़ौन में आज भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई मंगल मालवीय ने रुपयों को लेकर विवाद पर अपने बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी. सुबह दस बजे माकड़ौन क्षेत्र में हुए घटनाक्रम से सनसनी फैल गई. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मामले में जांच शुरु कर दी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सुचाई तहसील माकड़ौन में रहने वाले मंगल मालवीय का बेटे अरविंद उम्र 30 वर्ष का दस लाख रुपए को लेकर विवाद चल रहा था. आज भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ा कि मंगल मालवीय ने गुस्से में आकर अपनी लाइसेंसी बंदूक से बेटे पर तीन फायर किए. पहली गोली चलने पर अरविंद छत की ओर भागा, पीछा करते हुए मंगल पहुंच गए और फिर दो गोली चलाई एक गोली अरविंद के सिर पर दूसरी सीने में लगने से मौके पर ही मौत हो गई. गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहित परिवार के अन्य सदस्य पहुंच गए, जिन्होने अरविंद को खून से लथपथ हालत में देखा तो स्तब्ध रह गए.

## शिवपुरी में भंडारे का बासी भोजन करने से 300 लोग बीमार, 91 अस्पताल में भर्ती

शिवपुरी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के एक गांव में रविवार-सोमवार की रात आयोजित भंडारा में बासी भोजन करने से करीब 300 लोगों को की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टी-दस्त की समस्या होने लगी। इतनी बड़ी संख्या में एकसाथ लोगों के बीमार होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंची और उपचार प्रारंभ किया।

## सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव, राष्ट्रपति मुर्मू को बेचारी कहने का मामला



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसदों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर उनकी बेचारी टिप्पणी को लेकर सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किया। संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन के दौरान सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति मुमू को पुअर थिंग कहा था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। 31 जनवरी को संसद के बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सदन के बाहर पत्रकारों ने गांधी से मुर्मू के लगभग एक घंटे लंबे भाषण के बारे में पूछा तो पूर्व कांग्रेस प्रमुख को क्लिप में यह कहते हुए सुना गया कि राष्ट्रपति अंत तक बहुत थक गई थी। वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। सोनिया गांधी की टिप्पणी से तुरंत भाजपा नेताओं की ओर से निंदा की लहर दौड़ गई। राष्ट्रपति भवन ने भी एक बयान जारी कर टिप्पणी को अस्वीकार्य बताया और कहा कि मुर्मू थके नहीं हैं। बाद में पीएम मोदी ने भी दिल्ली की एक रैली में कांग्रेस पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सोनिया की टिप्पणी से आदिवासी समुदायों का अपमान हुआ है। द्रौपदी मुर्मू जी यहां एक आदिवासी परिवार से आई हैं। उन्होंने आज संसद को अद्भुत तरीके से प्रेरित किया और भाषण दिया। लेकिन कांग्रेस के राजघराने ने उनका अपमान करना शुरू कर दिया है। राजपरिवार के एक सदस्य ने कहा कि आदिवासी बेटी ने उबाऊ भाषण दिया। मोदी ने द्वारका में कहा कि एक अन्य सदस्य ने तो एक कदम आगे बढ़कर राष्ट्रपति को घटिया कह दिया.


## भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में मिलेगी नई पहचान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण बनेगी। पहली बार राजधानी भोपाल में हो रहे इस आयोजन को लेकर यह न सिर्फ एक निवेश सम्मेलन है, अपितु भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजधानी के पास पहले से ही औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधार मौजूद है। जीआईएस-2025 से भोपाल का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ेगा। भोपाल न केवल मध्यप्रदेश का प्रशासनिक केंद्र है, बल्कि भौगोलिक रूप से भी एक आदर्श औद्योगिक हब बनने की पूरी क्षमता रखता है। यह प्रदेश के केंद्र में स्थित है, जिससे लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। भोपाल के चारों ओर कई प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र पहले से विकसित हैं, जो इस समिट के माध्यम से नए निवेश को आकर्षित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## नर्मदा प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर 1100 फुट की चुनरी से हुआ श्रृंगार





जबलपुर. (नगर प्रतिनिधि) जबलपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस 22 वे वर्ष में नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा आज उमाघाट, ग्वारीघाट में इस पार से गुरुद्वारा घाट के उस पार तक शाम को 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार किया गया. इस मौके पर स्वामी गिरीशानंद ने सभी को नर्मदा स्वच्छता का स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया. इस अवसर परम पूज्य स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी पागलनंद महाराज, स्वामी कालीनंद स्वामी, राम भारती महाराज, स्वामी सुरेंद्रनाथ महाराज, विचित्र महाराज, शरद अग्रवाल उपस्थित थे. पूजन अर्चन रोहित महाराज ने कराया. संतोष शास्त्री, आचार्य योगेंद्र त्रिपाठी के सानिध्य में दुग्ध अभिषेक हलवा की नाव मैया को अर्पित की गई. गर्भग्रह से साल में एक बार नर्मदा जी के पादुका दर्शन, दुग्धभिषेक, दीपदान, महाआरती, कन्या पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक चुनरी समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन चुनरी समिति के अध्यक्ष जयकिशन गुप्ता नर्मदापुत्र ने किया. इस अवसर पर समिति के अमर सिंह ठाकुर, सुचित्रा मिश्रा, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नागर, मोनू सोनकर, एवं कान्यकुब्ज वैश्य महिला मंडल की बहने विशेष रूप से उपस्थित थी.

**2100 फीट की चुनरी से मां नर्मदा जी का होगा श्रृंगार।**

जबलपुर. मां नर्मदा चुनरी पदयात्रा समिति के अध्यक्ष रामदास यादव ने बताया कि मां नर्मदा जन्मोत्सव के उपलक्ष में दिनांक 04 फरवरी 2025 को दोपहर 2:30 बजे मां नर्मदा चुनरी पदयात्रा समिति सदस्यों एवं नर्मदा भक्तों के द्वारा सिद्ध धाम ग्वारीघाट में मां नर्मदा जी का पूजन आरती करते हुए इस तट से उस पार तट तक मां नर्मदा जी को 2100 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी।

## दिल्ली में थमा चुनावी प्रचार का शोर, 70 सीटों पर 5 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान खत्म हो गया। दिल्ली में मुख्य मुकाबला बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। बीजेपी पिछले 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यही कारण है कि भगवा पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे लगातार तीन वर्षों में फिर से सत्ता हासिल करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत की। 2013 तक 15 साल तक राजधानी पर राज करने वाली कांग्रेस ने दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कई शो किए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो लेकिन दिल्ली की जनता ने जो फैसला लिया है उसकी झलक 5 फरवरी को दिखेगी। हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए बहुत मेहनत की है। दिल्ली बीजेपी को पीएम मोदी के नाम और पहचान का फायदा मिला है. पीएम मोदी की वजह से लोगों ने हमें बहुत प्यार दिया है। उन्होंने कहा कि जनता का मूड बता रहा है कि 5 फरवरी को दिल्ली में कमल खिलने जा रहा है।

### केंद्रीय मंत्री के बयान से सियासी बवाल

## अगर फंड चाहिए तो केरल को पिछड़ा घोषित करें



नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन ने यह सुझाव देकर विवाद खड़ा कर दिया है कि अगर केरल को केंद्र से अधिक धन प्राप्त करने की उम्मीद है तो उसे खुद को पिछड़ा घोषित करना होगा। यह टिप्पणी व्यापक आरोपों के बीच आई है कि केंद्रीय बजट 2025 में राज्य की उपेक्षा की गई है। कुरियन के बयान पर सत्तारूढ़ वामपंथियों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जो अब केंद्र पर केरल विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। सीपीआई-एम सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि यह बेहद नृशंस है कि दो मंत्री ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं जो संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं हैं। यह बेहद अत्याचारपूर्ण, निंदनीय है और हम उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री इन दोनों मंत्रियों पर कार्रवाई करेंगे।

वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों ने केंद्रीय बजट में भेदभाव और केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और सुरेश गोपी के बयानों पर संसद में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने कहा कि केरल राज्य के एक सम्मानित मंत्री, जॉर्ज कुरियन, जो मत्स्य पालन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, कैसे कह सकते हैं कि केरल एक अविकसित स्थान है। केरल किसी भी दृष्टि से भारत में हमेशा से एक बहुत ही महत्वपूर्ण राज्य रहा है। उन्होंने कहा कि केरल को उसके कई स्वास्थ्य और शिक्षा हस्तक्षेपों के लिए हमेशा सराहना मिली है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह कह सकते हैं कि केरल एक अविकसित राज्य है, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## महाकुंभ बसंत पंचमी में अमृत स्नान, त्रिवेणी तट पर उमड़ा जनसैलाब, नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र



महाकुम्भ नगर.(आरएनएस)। महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान बसंत पंचमी के अवसर पर गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। इस दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। जानकारी के अनुसार, आज करीब पांच करोड़ स्नानार्थियों के संगम में डुबकी लगाने का अनुमान है और इस क्रम में सुबह आठ बजे तक 62 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे जिन्हे मिला कर अब तक महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी में डुबकी लगाने वालों की संख्या 35 करोड़ के करीब पहुंच चुकी है। मौनी अमावस्या को हुये हादसे से सबक लेकर पुलिस ने इस बसंत पंचमी स्नाना पर्व पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को स्नान के बाद तुरंत प्रस्थान करने को कहा जा रहा है। वहीं प्रयागराज के विभिन्न घाटों में श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं और उन्हे वहीं से वापस किया जा रहा है। संगम क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषेध है और कोई भी वीआईपी पास अथवा प्रोटोकाल आज मान्य नहीं है। मेला क्षेत्र में सिर्फ पुलिस प्रशासन के वाहनों के अलावा एबुंलेंस को ही परिचालन की अनुमति है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये पब्लिक एड्रेस सिस्टम के अलावा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है। प्रदेश में पुलिस के कई आला अधिकारियों की ड्यूटी इस अवसर पर विशेष रुप से कुंभ मेला क्षेत्र में लगायी गयी है जो पल पल की जानकारी लखनऊ में बैठे आला अधिकारियों को दे रहे हैं। आज सुबह से ही संगम के तट पर अखाड़ों का स्नान ध्यान का क्रम अनवरत जारी है त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियां सभी का ध्यान आकर्षित कर रही हैं वहीं हेलीकाप्टर से हो रही पुष्प वर्षा मेला क्षेत्र में आस्था का रस घोल रही है। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे। बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में मारपीट में घायल को उपचार हेतु सीएचसी पनागर लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को पंकज पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बुधारी थाना मझगंवा ने बताया कि उसका बड़ा भाई गगन पटैल आर्ट आफस्पाईस रेस्टोरेंट एन एच पनागर में काम करता है उसके पास आज फोन आया कि बड़ा भाई आर्ट आफस्पाईस के पीछे घायल पड़ा है उसने जाकर देखा 108 एम्बुलेंस खड़ी थी और भाई को एम्बुलेंस में लिटा रहे थे वह एम्बुलेंस के साथ पनागर अस्पताल आया उसने भाई गगन पटैल से पूछा क्या हुआ तो बताया कि मैं ढाबा में काम नहीं करना चाहता

**निगमायुक्त ने मेला अधिकारी, नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ गौरीघाट के तटों पर की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

# माँ नर्मदा जयंती पर गौरीघाट के सभी तटों पर नगर निगम की व्यवस्था दुरुस्त - निगमायुक्त प्रीति यादव

**व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित होती रहें और श्रद्धालुओं को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए सभी अधिकारी मौके पर रहें टीम के साथ तैनात - निगमायुक्त प्रीति यादव**





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। माँ नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में गौरीघाट के सभी तटों पर नगर निगम द्वारा व्यवस्था दुरूस्त कराई गयी है। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार साफ-सफाई, महिला चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, पेयजल, पार्किंग, प्रसाधन केन्द्रों की व्यवस्था, के साथ-साथ विसर्जन कुण्डों एवं अन्य मेला स्थलों पर उपरोक्त सभी व्यवस्थाएँ चुस्त दुरूस्त कराई गयी है। प्रशासन

**कोताही बरतने पर की जायेगी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई - निगमायुक्त श्रीमती यादव ने दी हिदायत**

द्वारा कराई गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने निगमायुक्त प्रीति यादव ने वार्ड पार्षद श्रीमती शारदा कुशवाहा की विशेष उपस्थिति एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. एवं मेला अधिकारी अनुराग सिंह, कार्यपालन यंत्री सीवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल के साथ सहायक अतिक्रमण अधिकारी एवं संभागीय अधिकारी 3 रामपुर के सागर बोरकर के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी कर्मचारी जिनकी डयूटी माँ नर्मदा प्रकाटोत्सव पर्व पर गौरीघाट के तटों के साथ-साथ अन्य तटों के अलावा उमाघाट, तिलवाराघाट एवं विसर्जन कुण्डों पर माँ नर्मदा जयंती पर्व के शुभारंभ से लेकर समाप्ति तक सभी व्यवस्थाओं पर अधिकारी स्वयं निगरानी रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस बात का भी अधिकारी कर्मचारी ध्यान रखने दिये सख्त निर्देश। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी कर्मचारी के द्वारा सौंपे गए कार्य के प्रति कोताही बरती जाती है तो उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# नानक तिना बसन्त है जिस मन बसिया कन्त




**गुरुद्वारों में बसन्त राग में गूंजी गुरुवाणी**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर के समस्त गुरुद्वारों में आज राग बसंत में साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र अमृतमयी गुरुवाणी की गूंज रही, जोकि आगामी होली पर्व तक निरंतर जारी रहेगी।

गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में आयोजित आत्मरस कीर्तन दरबार में हुजूरी रागी जत्था भाई बलजीत सिंह एवं रागी जत्था भाई हरमीत सिंह, गुरुद्वारा माइयां ने श्री गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज पवित्र गुरुवाणी नानक तिना बसंत है जिस मन बसिया कन्त एवं सदा बसन्त गुर शबद विचारे राम नाम राखे उर धारे का राग बसंत में मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर साध संगत को सराबोर किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में 60

रागों में सिख गुरु साहिबानों के साथ ही शिरोमणि हिन्दू और मुस्लिम भक्तों की इलाही वाणी शामिल है, जिसमें 31 एकल और 29 मिश्रित राग हैं । इनमें राग बसंत प्रमुख रागों में से एक है।

आगामी होली पर्व तक निरंतर विश्वभर के गुरुद्वारों में बसन्त राग में गुरुवाणी का गायन किया जाएगा । प्रधान श्री राजिंदर सिंह छावड़ा ने सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। मनप्रीत सिंह आहूजा ने संचालन एवं आभार प्रकट किया तदोपरांत कड़ाह प्रसाद एवं गुरु का लंगर वितरित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

**नित्य गायत्री मंत्र एवं शाकाहारी जीवन अपनाने के संकल्प के साथ बसंत पंचमी पर्व संपन्न**

# गायत्री मंत्र ही वेद मंत्र और बीज मंत्र है - आचार्य नारायण दुबे



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आध्यात्मिक जन्म दिवस एवं वीणा वादिनी मां सरस्वती के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर गायत्री शक्तिपीठ , मनमोहन नगर, श्रीनाथ की तलैया एवं प्रज्ञा पीठ, बिलपुरा में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ ,विराट गायत्री दीप महायज्ञ गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री नारायण दुबे, शंकर कनोजिया श्री सी के मिश्रा जी, कविता तिवारी, मधु नामदेव, प्रेम शंकर तिवारी , दीप्ति मिश्रा, पुष्पेंद्र कोस्टा के द्वारा संपन्न कराए गए ! इस दौरान 60 से अधिक लोगों द्वारा गुरु दीक्षा ली गई एवं 70 से अधिक बच्चों द्वारा विद्यारंभ संस्कार एवं अनेकों यज्ञोपवित संस्कार एवं अन्य संस्कार संपन्न कराये गये !

इस अवसर पर श्री नारायण दुबे द्वारा बताया गया की पूज्य गुरुदेव को युग ऋषि इसलिए कहा जाता कि उन्होंने पूरे युग को एक नई दिशा नया संकल्प दिया है और सारी मानवता के लिए उन्होंने एक समान कार्य किया है । उनके द्वारा 3200 से अधिक किताबें लिखी गई एवं गायत्री शक्तिपीठ के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सारे कार्यक्रम निशुल्क कराए जाते हैं जो कि किसी देव शक्ति के द्वारा ही संभव है। जो भी गायत्री से जुड़ा उसका उद्धार होता हुआ चला गया। मानव मात्र को अपना यदि कल्याण करना है तो उसे नित्य गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए यही एक ऐसा मंत्र है जिसे प्रभु श्री राम, भगवान शंकर श्री कृष्ण जी ऐसा कोई भी देवी या देवता नहीं जो इस मंत्र का जाप कर नहीं करता हो । गायत्री मंत्र नित्य करने एवं शाकाहारी जीवन जीने का 1000 से अधिक व्यक्तियों ने संकल्प लिया।

# रेल बजट 2025-26 में मध्य प्रदेश को 14,745 करोड़ रुपये का बजट आवंटन

**सेफ्टी, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष फोकस**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्तुत बजट में भारतीय रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों पर वीडियों कान्फ्रेंसिंग से चर्चा करते हुए बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है जिससे रेलवे पर संरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2025-26 में रेलवे को 2,65,000 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। रेलवे में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए इस बजट में 116 हजार करोड़ रूपए का आंवटन किया गया है। माननीय रेलमंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश राज्य में रेलवे के निरंतर विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष भी मध्य प्रदेश राज्य में रेलवे के विस्तार, सेफ्टी, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 के बजट में 14,745 करोड़ रूपए आवंटन किया गया है। श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में रेल कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं। राज्य में 108 हजार करोड़ रूपए की 31 परियोजनाओं के अंतर्गत 5869 किलोमीटर के न्यू ट्रैक्स प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है। मध्य प्रदेश में 100 प्रतिशत रेल लाइनों को विद्युतीकरण हो गया है। अमृत स्टेशन योजना के तहत मध्य प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को रूपये 2708 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में रेलवे ट्रैक पर 1109 फ्लाईओवर और रोड अण्डर ब्रिज का निर्माण किया गया है। माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने मध्य प्रदेश में रेल परियोजनाओं को पर्याप्त बजट के माध्यम से लक्षित समय में पूरा करने की बात पर जोर दिया। संरक्षा के बारे में बताते हुए माननीय रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे पर अत्यानुधिक कवच प्रणाली को विभिन्न रेलमार्गों पर स्थापित किये जाने सम्बन्धी कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं, जिसमें मध्य प्रदेश में 3572 रूट किलोमीटर रेलमार्ग पर कवच प्रणाली कार्य योजना तैयार कर ली गई है। उन्होने बताया कि कवच प्रणाली को स्थापित करने में आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने, टावर लगाने, डेटा सेन्टर स्थापित करने और आरएफआईडी डिवाइस लगाने जैसे कार्य किए जाते है।

यात्री सुविधाओं के विषय में माननीय रेलमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में 69 लिफ्ट, 41 एस्केलेटर एवं 408 स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। साथ ही मध्य प्रदेश में 14 जिलों को कवर करते हुए 4 वंदे भारत ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। मध्य प्रदेश के लिए यह रेल बजट राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए भी निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा। रेल मंत्री जी के रेलवे बजट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय भी मुख्यालय सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल जुड़े। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर कार्यों के लिए पर्याप्त बजट प्रदान किया गया है, एवं समस्त कार्यो को तीव्र गति से पूर्ण किया जा रहा है।

# खादी महोत्सव में जो कि जाबालि खादी प्रोन्नति समिति द्वारा आयोजित किया गया था



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिनों संस्कारधानी जबलपुर में विगत 5 दिनों से चल रहे खादी महोत्सव में जो कि जाबालि खादी प्रोन्नति समिति द्वारा आयोजित किया गया था, दिनांक 2 फरवरी को खादी के वस्त्रों का फैशन शो आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य खादी के परिधानों का प्रस्तुतिकरण कर यह संदेश देना था ,कि यह स्वदेशी निर्मित वस्त्र जो कि प्रत्येक कार्यक्रम में पहना जा सकता है। इस शो में भूमिका फाउंडेशन तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यक्रम में भूमिका दुबे,खुशी पटेल, अमन गुप्ता, पुंज प्रकाश, आयुष, शुभा मिश्रा, हर्षिता गौतम तथा भूमिका फाउंडेशन की अध्यक्ष भूमिका दुबे , के साथ उनके सभी सदस्य उपस्थित थे,

# मुस्लिम विकास परिषद ने ज्ञापन दिया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम बहुल के अति पिछडा क्षेत्र के 8 वार्डो के अंर्तगत आधार कार्ड व समग्र आईडी बनाये जाने एवं नाम व पता में सुधार किये जाने हेतु शिविर लगाये जाने एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम एसडीएम को मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया की मुस्लिम क्षेत्र अति पिछडा है। यहां के रहवासी आर्थिक रुप से कमजोर होने के कारण उनके आधार कार्ड व समग्र आईडी नही बन पा रहे है, और जिनके बने है उसमे त्रुटि सुधार न होने के कारण स्कूल वाले उन्हे नगर निगम जोन और कलेक्ट्रेड भेजते है जिस कारण उन्हे परेशान होना पड रहा है और कोई योजनाओ का लाभ नही मिल रहा है। डॉ. अंसारी ने कहा कि जिला प्रशासन शिविर लगाकर समस्या का समाधान करे, शिविर मे मुस्लिम विकास परिषद अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही शिविर आयोजित किये जाने का आश्वासन दिया गया।

ज्ञापन देते समय मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, शेख निजामी, हाजी मुईन खान, इरफान कुरैशी, फैजान कुरैशी, आरिफ खान, मेहताब अली, मो. जावेद, मो.नजीर, ताज उस्मानी, मामूर गुड्डू, बाकी खान, अशरफ शिराजी, ताहिर खोकर, हाशिम राजा, बब्लू कुरैशी, गुलाम साबरी, मुज्जफर कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 467/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज- श्री संतोष काछी , पिता श्री रामजी काछी** ने भवन क्रं. 897/1 पिन क्र. 1002944507 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्री चरण लाल काछी/सुम्मेर काछी, 2. दुर्गा प्रसाद काछी/ रामजी काछी, काबिज- संतोष काछी, पिता- रामजी काछी, भूतल 360 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 466/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज- श्री पवन काछी ( पटेल ), पिता श्री रामजी काछी** ने भवन क्रं. 897 पिन क्र. 1000501300 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्री चरण लाल काछी/सुम्मेर काछी, 2. दुर्गा प्रसाद काछी/ रामजी काछी, काबिज- पवन काछी, पिता- रामजी काछी, भूतल 360 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 465/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री दीप कुमार पटेल, पिता श्री रामहरि पटेल, 2. श्रीमती प्रियंका पटेल, पति श्री दीप कुमार पटेल,** ने भवन क्रं. 97/2 पिन क्र. 1000598721 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री राकेश अवस्थी, पिता श्री जगन्नाथ अवस्थी, भूतल 1100 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 464/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दिनेश आमले, पिता- श्री रामेश्वर आमले** ने भूखंड क्रं. 03 पिन क्र. 1004350181 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्री नीतेश पाण्डेय, पिता- श्री गोपाल प्रसाद पाण्डेय, 2. श्री सुशील निगम, पिता श्री लखन लाल, भूतल 400 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 463/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुमित गनवीर, पिता- श्री ब्रम्हानंद गनवीर,** ने भवन क्रं. 703 पिन क्र. 1000597973 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1. श्रीमती मनोरमा खरे, पति- स्व. श्री हरिशंकर खरे, 2. संजय खरे, 3. अजय खरे, पिता स्व. श्री हरिशंकर खरे, 4. श्रीमती रेखा खरे, पति-प्रमोद खरे, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 462/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सुधा शर्मा, पति- श्री राजीव शर्मा** ने भवन क्रं. 494 पिन क्र. 1000500209 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती सुधा शर्मा, श्रीमती उषा तिवारी, एवं श्रीमती निशा तिवारी, पिता- स्व. श्री श्याम सुन्दर तिवारी, क्षेत्रफल 2700 व.फु., भूतल 2215 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1024 व.फु. आर.सी.सी., **त्यागपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 461/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज- 1. श्री करन पटैल, पिता-स्व.श्री नन्हेलाल पटैल, 2. श्रीमती गायत्री पटैल, पति स्व. श्री राकेश पटैल, 3. श्रीमती कीर्ति पटैल, पति- श्री राजेश पटैल,** ने भवन क्रं. 1056/1 पिन क्र. 1002951054 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) काबिज- श्रीमती त्रिवेणी बाई पटैल, पति- स्व. श्री नन्हेलाल पटैल, भूतल 400 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 460/ 2024/2025 दिनांक 01.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **काबिज- श्री जितेन्द्र कुमार पाठक, पिता- श्री महेश प्रसाद पाठक** ने भवन क्रं. 775/ए पिन क्र. 1000599462 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री शंकर लाल झारिया, पिता- श्री आर.डी. झारिया, भूतल 484 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 484 व.फु. आर.सी.सी., , **अनुबंध विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -सूक्ष्म, लघु एवम मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा है कि केन्द्र सरकार के बजट 2025-26 में एमएसएमई क्षेत्र के लिये किये गये प्रावधानों से नई क्रांति आयेगी। उन्होंने समावेशी तथा विकासमूलक बजट के लिये केन्द्रीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की सराहना की। शनिवार को संसद में पेश वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में एमएसएमई क्षेत्र को देश के डेवलपमेंट के इंजन के रूप में माना है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकासमूलक चिंतन के अनुरूप है। बजट में केन्द्र सरकार ने एमएसएमई के क्षेत्र में कई नए अवसरों को समाहित किया है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मैं, मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार मानता हूँ।



सफल जापान यात्रा से मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर निवेश की बढ़ीं प्रबल संभावनाएं-मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में प्रेस वार्ता कर चार दिवसीय जापान यात्रा की दी जानकारी

# जापान के सहयोग से मध्यप्रदेश को बनाएंगे आइडियल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चार दिवसीय जापान यात्रा (28-31 जनवरी) पूरी कर शनिवार (1 फरवरी) की शाम स्वदेश लौट आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा में उन्होंने जापानी निवेशकों और उद्योगपतियों को भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापानी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश करने की गहरी रुचि दिखाई है और कई प्रमुख कंपनियां आगामी समिट में हिस्सा लेंगी। उन्होंने जापान के विभिन्न उद्योगपतियों, निवेशकों के साथ बिजनेस टू बिजनेस (बी-टू-बी) और जापान सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट (जी-टू-जी) मुलाकात की और प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से बात की।

जापान-मध्यप्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली, जिससे प्रदेश में जल्द ही जापानी इंडस्ट्रियल पार्क, कौशल विकास केंद्र और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए जापान प्लस सेल की भी स्थापना की जाएगी, जो जापानी निवेशकों के साथ निरंतर संपर्क और फॉलोअप करेगी। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्योगपतियों और निवेशकों को फरवरी में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (त्नढ्ढस्-2025) में आमंत्रित किया, जिससे निवेश के नए अवसर खुलेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बार जापान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. यादव ने बताया कि जापानी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्सटाइल (रेडिमेड गारमेन्ट्स) सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जताई है। जापानी कंपनियों का निवेश मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। जापानी कंपनियों के सहयोग से हम प्रदेश को इन्वेस्टमेंट के लिए एक %आइडियल डेस्टिनेशन% और %इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट% बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार उद्योगों के विकास के लिए बेहतर अधोसंरचनाएं, सरल निवेश नीतियां और निवेशकों को एक बेहद अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है। उन्होंने जापानी निवेशकों को विश्वास दिलाया कि वे बेहिचक यहां निवेश करें, राज्य सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। इस सफल यात्रा से जापानी कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश में किया जाने वाला निवेश यहां रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और औद्योगिक विकास को गति भी देगा। जापान यात्रा मध्यप्रदेश को निवेश का हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 का आयोजन भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगा, जहां विभिन्न देशों के निवेशक और उद्योगपति भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्तमान में जापान, भारत का पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है, जिसने पिछले दो दशकों में भारत में 38 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 बिलियन डॉलर का है, जो निरंतर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में पहले से ही कई प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। ब्रिजस्टोन ने पीथमपुर में अपना विश्वस्तरीय टायर उत्पादन संयंत्र स्थापित किया है, जो रोजगार सृजन और निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। पैनासोनिक जैसी दिग्गज कंपनी ने मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। एनएसके, सानोह और कामात्सु जैसी जापानी कंपनियां भी प्रदेश में कार्यरत हैं, जो ऑटोमोटिव और मशीनरी क्षेत्र में अपना योगदान दे रही हैं। व्यापार के क्षेत्र में मध्य प्रदेश से जापान को होने वाला निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। यह दोनों क्षेत्रों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंधों का प्रमाण है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टोक्यो विश्व की सबसे विकसित महानगरीय अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर है। श्रीमती युरिको कोइके के साथ हुई बैठक में शहरी विकास के नए आयामों पर चर्चा हुई। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन गवर्नमेंट की विशेषज्ञता का लाभ मध्यप्रदेश के शहरों को मिलेगा। भोपाल और इंदौर के लिए मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी समाधान, जल प्रबंधन और कचरा प्रबंधन में विशेष सहयोग प्राप्त होगा। टोक्यो के विकास मॉडल को मध्यप्रदेश में अपनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जापान के विदेश मंत्रालय में संसदीय उप-मंत्री श्री हिसाशी मात्सुमोतो के साथ बैठक महत्वपूर्ण रही। विदेश मंत्रालय जापान की विदेश नीति और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रमुख स्तंभ है। बैठक में मध्यप्रदेश में जापानी निवेश को सुगम बनाने के लिए एक विशेष प्रयास करने पर सहमति बनी। व्यापार मिशन का आदान-प्रदान, कौशल विकास में जापानी विशेषज्ञों की भागीदारी, और एक जापान-मध्य प्रदेश औद्योगिक सहयोग फोरम की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

जापान के भूमि एवं बुनियादी ढांचा मंत्रालय में रणनीतिक वार्ता

उन्होंने बताया कि भूमि एवं बुनियादी ढाँचा मंत्रालय (एमएलआईटी) जापान में बुनियादी ढांचा विकास का सर्वोच्च निकाय है। इसके मंत्री श्री यासुशी फुरुकावा के साथ बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मध्यप्रदेश में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा। स्मार्ट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम के विकास और लॉजिस्टिक्स में जापानी मॉडल को अपनाने पर सहमति बनी है। ग्रीन इन्फ्रॉस्ट्रक्चर में विशेष सहयोग से प्रदेश में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गनाइजेशन (जेट्रो) के अध्यक्ष श्री सुसुमु काताओका के साथ बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क पर सहमति बनी। जेट्रो से अनुरोध किया गया कि मध्यप्रदेश में अपना कार्यालय स्थापित करे।

## इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टॉफ की कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता-मंत्री सिंह

भोपाल-(आरएनएस) लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल से प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

### मंत्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रशिक्षण कार्यशालाओं को किया संबोधित



भोपाल संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन प्रशासन अकादमी में किया गया, जिसमे लगभग 360 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री के.पी. एस. राणा एवं मुख्य अभियंता श्री बीपी बोरासी प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को विडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को समझते हुए कार्य करना चाहिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, इससे उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने कहा कि विभाग आपके साथ खड़ा हैं, जिससे मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का नाम देशभर में सम्मान के साथ लिया जाए।

## सनातन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर स्थापित धर्म, महान परम्परा के हम सभी वाहक- उच्च शिक्षा मंत्री परमार

भोपाल-(आरएनएस)हमारा सनातन धर्म, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर सृजित एवं स्थापित धर्म है। हमारे पूर्वजों ने अपने पुरुषार्थ से वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित की है। भारत की महान परम्परा के हम सभी वाहक हैं। हम सभी को हीन भावना से बाहर आकर, स्वत्व के भाव की जागृति की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने कही। मंत्री श्री परमार शुक्रवार को शुजालपुर में विधानसभा स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अटल कप सीजन -3 के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री परमार ने कहा कि खेल के मैदान से मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। खेल के मैदान से राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता का भाव जागृत होना चाहिए। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री परमार ने कहा कि खेल भावना से समस्त टीमों ने इस प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाया है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ हम अपना बेहतर दें यह महत्वपूर्ण है, हार और जीत तो खेल का अंतिम परिणाम है। उन्होंने प्रतिभागी समस्त टीमों को और



बेहतर प्रयास व परिश्रम के साथ प्रतियोगिता के अगले संस्करण की ट्रॉफी जीतने की तैयारी करने की बात कही। पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत शाजापुर अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह सिसोदिया ने की। इस दौरान स्टेडियम की बाउंड्रीवाल सहित अन्य कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर श्री अंबाराम कराड़ा, श्री अशोक नायक, श्री क्षितिज भट्ट, श्री विजय सिंह बैस, अध्यक्ष जनपद पंचायत शुजालपुर श्रीमती सीताबाई रामचंदर पाटोन्दिया,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शुजालपुर श्रीमती बबिता बेनीप्रसाद परमार एवं अध्यक्ष नगर परिषद अकोदिया श्रीमती रचना सचिन शर्मा सहित प्रतिभागी टीमों के सदस्य एवं खेल प्रेमी गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए कल्याणकारी बजट - कृषि मंत्री कंषाना

भोपाल (आरएनएस) प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण एवं विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के कल्याण के लिए केन्द्रीय बजट 2025-26 में कई प्रावधान किए गए हैं। किसानों के हित में विभिन्न कल्याणकारी सौगातें देकर सराहनीय कार्य किया गया है। केन्द्रीय बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रूपये से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है। अब किसानों को 5 लाख तक का ऋण क्रेडिट कार्ड से मिल सकेगा। यह बात किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने केन्द्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।

कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। यह कल्याकारी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट देश के युवा, गरीब, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शुरू की जायेगी। इस योजना में कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम मानकों वाले जिले शामिल होंगे।

समन्वय भवन जिला सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक

## सर्वोत्तम आचरण बने जिला सहकारी बैंक की पहचान-मंत्री सारंग



भोपाल (आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सर्वोत्तम आचरण जिला सहकारी बैंक की पहचान बने। उसके अच्छे कार्यों की मार्केटिंग की जाये। हर बैंक के कर्मचारियों की आचरण और व्यवहार की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवाई जाये। उन्होंने कहा कि नवाचार और अच्छा काम करने के लिये बैंक के हर स्तर पर प्रतिस्पर्धा हो तथा साल के अंत में उत्कृष्ट कर्मी को सम्मानित भी किया जाये। मंत्री श्री सारंग शनिवार को समन्वय भवन में जिला सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी बैंकों को अपनी साख के लिये काम करना होगा। उसमें पारदर्शिता लानी होगी और सुनिश्चित करना होगा कि बैंक में डिपॉजिट पूरी तरह से सुरक्षित है। बैंक को वसूली आदि नियमित कार्य के साथ सुदृढ़ीकरण पर ध्यान देना होगा। डिपॉजिट, टर्म लोन, सेफ लोन देने के मामलों काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक के कर्मचारियों का कार्य-व्यवहार, संवाद और बैंक का माहौल सकारात्मक हो। काम को चैलेन्ज के रूप में लें। कमजोर बैंकों को अच्छे पर लाने और अच्छे को कमजोर न होने की दिशा में काम कर आगे बढ़ना होगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि डिफाल्ट किसानों के बारे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाये ताकि वे लोन चुकाने के लिये उन्हें मोटिवेट कर सकें। कलेक्टर के साथ राजस्व अमले से भी संवाद स्थापित करे, जिससे कोआर्डिनेशन और कोआपरेशन के जरिए सहकारी बैंक से सरकारी अमला भी जुड़ सकें। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बैंक प्रोफेशनल एप्रोच के साथ काम करे। हरेक पेक्स 2-3 कर्मियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग करवाई जाये। उन्होंने कहा कि 2-3 माह में वसूली के प्रकरणों का निराकरण करे। इसके लिये लम्बी प्रक्रिया न हो, काम को स्पीड-अप करें।

## भारतीय अर्थ व्यवस्था को गति देने वाला है नया बजट -खाद्य मंत्री राजपूत

भोपाल-(आरएनएस)खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गए वर्ष 2025-26 के आम बजट को सभी वर्गों के लिए फायदेमंद बताते हुए कहा कि इस बार बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बजट भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है। गरीब, युवा और महिलाओं के लिए कई योजनाओं के जरिए सरकार ने यह संकेत दिया है कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में यह बजट एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। यह बजट विशेष रूप से मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यवसाय और छात्रों के लिए आशा की किरण है, वो इसे अपनी उम्मीदों को पूरा करने का एक अवसर मान रहे हैं। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि वित्त मंत्री ने जिस तरह से सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचा और आर्थिक समावेशन पर जोर दिया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समग्र समृद्धि है। आयकर में सुधार, कृषि क्षेत्र में निवेश, और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नई दिशा दी है। इस बजट के जरिए भारत अपनी दीर्घकालिक विकास की यात्रा में और मजबूत कदम उठाएगा।

## विकसित भारत का रोड़मैप है केंद्रीय बजट-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2025-26 का बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का रोड़मैप है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि 12 लाख रूपये तक की सालाना आय पर आयकर न लगाकर एक बड़े वर्ग को राहत दी है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार का क्रांतिकारी कदम है।

आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि यह बजट हर नागरिक के सपनों का बजट है। यह पूरी तरह प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के ज्ञान के मंत्र पर आधारित बजट है, जो गरीब कल्याण, युवा कल्याण, नारी शक्ति और किसानों की समृद्धि पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट में कई ऐसे अनूठे प्रावधान किए गए हैं, जिससे मध्यप्रदेश जैसे तेजी से आगे बढ़ते राज्य को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट से विकास की प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और समावेशी विकास मजबूत होगा। निजी क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने विशेष पूंजीगत सहायता को 1.50 लाख करोड़ रूपये से निरंतर रखने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मध्यप्रदेश को विशेष लाभ होगा। पूंजीगत सहायता का रचनात्मक उपयोग करने में मध्यप्रदेश का अच्छा प्रदर्शन रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने कहा कि यह बजट मुख्य रूप से कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को मजबूती देने वाला बजट है। भारत की विकास यात्रा के यही चार मुख्य स्तंभ है। इससे मध्यप्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था में योगदान देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन चारों क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने अभूतपूर्व काम किया है।

उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन जिलों में कृषि क्षेत्र का विस्तार होगा, जो कई कारणों से पीछे रह गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवडा ने दलहन में आत्म-निर्भरता मिशन प्रारंभ करने की पहल का भी स्वागत करते हुए कहा कि दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में आगे है। इसका फायदा मध्यप्रदेश को मिलेगा। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण की सीमा 3 लाख रूपये से बढ़कर 5 लाख रूपये करने का भी स्वागत करते हुए कहा कि इससे लाखों किसानों को मदद मिलेगी।

## ये 140 करोड़ भारतीयों का बजट, खेती के लिए बड़ा कदम उठाया गया : शिवराज सिंह चौहान

भोपाल (आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट भाषण में किसानों के लिए कई बड़े ऐलान किए। इसके बाद कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के कल्याण का ध्यान रखा गया है। साथ ही कहा कि बजट में खेती के लिए एक और बड़ा कदम उठाया गया है।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये बजट 140 करोड़ भारतीयों का बजट है। सम्पन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का बजट है। बजट में समाज के हर वर्ग के कल्याण का ध्यान रखा गया है। इस बार ग्रामीण विकास के लिए बजट में वृद्धि करते हुए 1 लाख 88 हजार 754 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक गरीब को पक्का आवास मिले, इसके लिए बजट में 54 हजार 832 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।



उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के माध्यम से बहनों को सशक्त बनाने का अभियान चल रहा है। इसी काम को आगे बढ़ाने के लिए बजट में 19 हजार 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के लिए वरदान है। अब तक किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता था, इस सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है।


शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बजट में खेती के लिए एक और बड़ा कदम उठाया गया है। 100 सबसे कम फसल उत्पादकता वाले जिलों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए %प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना% प्रारंभ की जाएगी। योजना में लगभग 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। मखानों का उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार लाने के लिए बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किया जाएगा।

बता दें कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट भाषण में किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। सीतारमण ने कहा कि एग्रीकल्चर एसएमई और एक्सपोर्ट सहित हमारा ध्यान विकास के 4 इंजन पर रहा है। एग्रीकल्चर हमारे लिए पहला इंजन है।

वित्त मंत्री ने कहा, %किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाएगी। इसके अलावा, बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा। किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य योजना लाई जाएगी। पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय तेल मिशन को चला रही है। 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की थी। तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि अब सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही है। इसका विवरण दिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से 4 साल के दौरान एजेंसियां दलहन खरीदेंगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि खाद्य तेलों के उत्पादन पर भी ध्यान दिया जाएगा। सरकार छह साल का मिशन शुरू करेगी। इसके तहत दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की कोशिश की जाएगी। नैफेड और एनसीसीएफ तीन तरह की दालों की खरीद करेगी ।



**पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें.  पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें.  पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.**



## चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं

दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं हो रही हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़ लगी हुई है। रेवड़ी बांटने की राजनीतिक प्रवृत्ति का विरोध करने वाली भाजपा भी इस दौड़ में शामिल हो गई है। वह अपने पहले संकल्प पत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, सभी बुजुगरे को सस्ता इलाज, गैस सिलेंडर पर सब्सिडी समेत अन्य लुभावनी घोषणाएं कर चुकी है। भाजपा ने अपना दूसरा संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें ऑटो-टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों और युवाओं के लिए विशेष तौर पर मदद करने की घोषणाएं की गई हैं। पार्टी ने यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए 15 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर वजीफा योजना के अंतर्गत 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा कर चुकी है। बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मुफ्त इलाज और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख तक का बीमा किया जाएगा। आप 200 यूनिट बिजली मुफ्त पहले से ही दे रही है। कांग्रेस ने भी प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्लीवासियों का वह 25 लाख तक मुफ्त इलाज और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। भारत की राजनीति में मुफ्त की चीजें बांटने की प्रवृत्ति नई नहीं है। लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इसका चलन बढ़ता गया है और अब यह प्रवृत्ति स्थायी तौर पर स्थापित हो गई है। राजनीतिक दल सार्वजनिक कल्याण करने की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ देने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

दिनांक 31 जनवरी 2025 को भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा लोक सभा में देश का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। स्वतंत्र भारत का पहिला आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 1950-51 में बजट के साथ पेश किया गया था। 1960 के दशक में आर्थिक सर्वेक्षण को बजट से अलग कर दिया गया एवं इसे बजट के एक दिन पूर्व संसद में पेश किया जाने लगा। आर्थिक सर्वेक्षण के माध्यम से देश की  अर्थव्यवस्था की समीक्षा की जाती है एवं अर्थव्यवस्था की सम्भावनाओं को देश के सामने लाने का प्रयास किया जाता है। इसे देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है।

लोक सभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में चल रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत के आर्थिक विकास पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, परंतु, चूंकि भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है अत: वित्तीय वर्ष 2025-26 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच में रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हाल ही के समय में ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई दी है और कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर बढ़ने की सम्भावना है क्योंकि देश में अच्छे मानसून के चलते रबी की फसल के बहुत अच्छे स्तर पर रहने की सम्भावना है और इससे खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर भी कम होगी, जिससे नागरिकों के हाथ में अन्य उत्पादों को खरीदने के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी। आज केवल खाद्य पदार्थों की महंगाई की दर कुछ अधिक मात्रा में बनी हुई हुई है अन्यथा कोर महंगाई की दर तो पूर्व में ही नियंत्रण में आ चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अर्द्धवार्षिकी में समग्र महंगाई की दर भी नियंत्रण में आ जाएगी। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है। भारत आज अपने कच्चे तेल की कुल मांग का 87 प्रतिशत हिस्सा आयात करता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें कम होंगी तो भारत में महंगाई भी कम होगी।

विनिर्माण के क्षेत्र में जरूर कुछ चुनौतियां बनी हुई है एवं कई प्रयास करने के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी बढ़ नहीं पा रही है। विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की क्षमता है। अत: विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भूमि, श्रम एवं पूंजी की लागत को कम करने की आवश्यकता है। इसके लिए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता है ताकि इन इकाईयों की उत्पादकता में सुधार हो सके एवं इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की उत्पादन लागत कम हो सके। विनिर्माण क्षेत्र में कार्य कर रही इकाईयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए जाने की आज महती आवश्यकता है।  सेवा क्षेत्र लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है एवं इस क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर अतुलनीय बनी हुई है। भारत में वर्तमान में महाकुम्भ मेला चालू है। आज प्रतिदिन एक करोड़ के आसपास श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। रेल्वे द्वारा प्रतिदिन लगभग 3,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए कुछ आंकड़ों के अनुसार, महाकुम्भ मेले से उत्तरप्रदेश में 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यवसाय एवं 25,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय उत्तरप्रदेश सरकार को होने की सम्भावना है। रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। यह समस्त कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन, होटल व्यवसाय, छोटे छोटे उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज करने में सहायक हो रहे हैं बल्कि इससे देश के सेवा क्षेत्र में भी विकास दर तेज हो रही है।

किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी अधिक होगी उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अधिक रहेगी क्योंकि विभिन्न उत्पादों को खरीदने के लिए अर्थव्यवस्था में मांग तो इसी वर्ग के माध्यम से उत्पन्न होती है। अत: देश में प्रयास किए जाने चाहिए कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अधिक राशि उपलब्ध रहे। भारत में हालांकि समावेशी विकास हुआ है क्योंकि गरीबों की संख्या में तेजी से एवं भारी मात्रा में कमी दर्ज हुई है। परंतु, गरीबी रेखा से हाल ही में ऊपर आकर मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी शामिल हुए परिवार कहीं फिर से गरीबी रेखा के नीचे नहीं चले जायें, इस सम्बंध में भरसक प्रयास किए जाने चाहिए।  वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों में हो रही आर्थिक परेशानियों के चलते भारत निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात में उतनी वृद्धि दर्ज नहीं हो पा रही है जितनी आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से ऊपर रखने के लिए होनी चाहिए। इससे विदेशी व्यापार घाटा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। साथ ही, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की कीमत पर भी लगातार दबाव बना हुआ है। हालांकि विदेशी निवेश में आ रही कमी को अस्थायी समस्या बताया गया है

## फरवरी महीने की इन शुभ तिथियों में बजेंगी शहनाइयां

साल का दूसरा महीना फरवरी शादी-विवाह के लिए महत्वपूर्ण समय माना जाता है। फरवरी महीने में बसंत पंचमी समेत कई मुहूर्त आते हैं। ऐसे में शादी की योजना बनाना उचित होता है। शादी हिंदू धर्म में एक अहम संस्कार माना जाता है। माना जाता है कि शुभ तिथि और मुहूर्त में की गई शादी हमेशा सफल रहती है। इसी वजह से लोग हमेशा शुभ मुहूर्त में शादी करने की योजना बनाते हैं। शादी को शुभ और सकारात्मक ग्रहों की स्थिति से जोड़ा जाता है। जीवन की यह नई शुरूआत को सुखमय और समृद्ध बनाने में सहायता करता है।

बता दें कि फरवरी महीने में विवाह के कई शुभ दिन पड़ रहे हैं। इन शुभ मुहूर्त में विवाह करना धार्मिक रूप से फलदायी होने के साथ ही दांपत्य जीवन को भी खुशहाल बनाने में मदद कर सकता है। फरवरी महीने में पड़ने वाले इन शुभ मुहूर्त में विवाह करने से दंपत्ति के जीवन में प्रेम, समृद्धि और शांति का आशीर्वाद बना रहता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको फरवरी 2025 में पड़ने वाले शादी के कुछ शुभ मुहूर्त के बारे में बताने जा रहे हैं।

फरवरी में विवाह का मुहूर्त

फरवरी को प्रेम का महीना कहा जाता है और यह शादी के लिए भी काफी अच्छा और शुभ माना जाता है। इस दौरान जो शादियां होती हैं, उनके जीवन में हमेशा खुशहाली बनी रहती है। फरवरी में शादी के लिए कुछ मुहूर्त शुभ हैं। इन शुभ मुहूर्त में शादी करना बेहद शुभ साबित हो सकता है।

इस साल 02 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी का पर्व पड़ रहा है। इसको अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इसका मतलब यह हुआ है कि इस दिन अगर बिना किसी मुहूर्त के शादी-विवाह जैसे शुभ काम किए जा सकते हैं। फरवरी महीने में कुछ शुभ तिथियां 07, 13, 14, 15, 18, 19, 20, 21 और 25 फरवरी है। इस तिथियों में शादी करना बेहद शुभ हो सकता है।

## समान नागरिक संहिता लागू करने वाला प्रथम राज्य बना उत्तराखंड

देवभूमि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। वर्ष 2022 में उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने राज्य में सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनते ही अपने मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता के प्रस्ताव तथा उसके लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन  करने की अनुमति दी थी। उत्तराखंड विधानसभा में यह विधेयक पारित हो जाने के बाद 27 जनवरी 2025 को यह कानून लागू हो गया है। कानून के क्रियान्वयन के लिए एक पोर्टल भी लांच किया गया है जिसमें सभी दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। समान नागरिक संहिता कानून लागू होने के कारण राज्य में व्यापक बदलाव होने जा रहा है। यह कानून महिला सुरक्षा को व्यापक स्तर पर प्राथमिकता दे रहा है। यह कानून अनुसूचित जातियों/जनजातियों को छोड़कर संपूर्ण उत्तराखंड राज्य तथा राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के समस्त निवासियों पर लागू होगा।

पोर्टल लांच करते समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कानून में किसी भी धर्म की मूल मान्यताओं और प्रथाओं को समाप्त नहीं किया गया है। इस कानून द्वारा सभी लोगों के लिए शादी, तलाक और उत्तराधिकार के नियमों को समान किया गया है। सभी धर्म के लोग अपने-अपने रीति रिवाज के अनुसार शादी कर सकते हैं।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सेक्युलर ताकतों तो यह कानून पसंद नहीं आ रहा है, वहीं कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी संगठन इस कानून को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक अवसरों पर समान नागरिक संहिता कानून की बात रख चुके हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से संबोधन तथा संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री मोदी सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जता चुके है और उत्तराखंड के माध्यम से यह पहल आगे बढ़ रही है। समान नागरिक संहिता लागू हो जाने के बाद सभी धर्म, जाति व पंथ के लोगों को समान अधिकार मिलने प्रारम्भ हो जायेंगे। इस कानून में महिलाओं को विशिष्ट लाभ प्राप्त होगा। मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति के चलते कांग्रेस ने सदा समान नागरिक संहिता का विरोध किया। अगर कांग्रेस में इच्छाशक्ति होती तो यह कानून पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू जी के समय में ही लागू हो गया होता किंतु वह मुस्लिम तुष्टिकरण में इतने डूब चुके थे कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित कई कांग्रेसी नेताओं के विचार अच्छे नहीं लगे। यहां तक कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर भी संविधान में ही समान नागरिक संहिता को रखने के प्रबल पक्षधर थे और इन्हीं सब मुद्दों के कारण डॉ. अम्बेडकर और नेहरू जी के मध्य विवाद था।  उत्तराखंड विधानसभा द्वारा पारित विधेयक चार खंडों में विभाजित है। पहला खंड- यूजीसी की धाराओं के उल्लंघन पर छह माह तक कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माने की व्यवस्था की गई है। विवाह विच्छेद के मामलों में तीन वर्ष का कारावास रखा गया है।

## क्या भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा

वर्तमान में केंद्र सरकार 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। हाल ही के वर्षों में लागू किए गए सुधार कार्यक्रमों में शामिल हैं - वस्तु एवं सेवा कर बिल, ऋणशोधनाक्षमता बिल, दिवालियापन बिल, आदि।

आज भारत के संदर्भ में यह सपना देखा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रमों के बल पर वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। परंतु, सकल घरेलू उत्पाद में औसतन लगभग 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ क्या भारत वास्तव में वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन पाएगा अथवा भारत को अभी भी कई प्रकार के सुधार कार्यक्रमों को लागू करने की आवश्यकता है। किसी भी देश को अपनी आर्थिक विकास दर को तेज करने के लिए कई प्रकार के सुधार कार्यक्रम लागू करने होते हैं। भारत ने वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, एक लम्बे अंतराल के पश्चात देश में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1991 में प्रारम्भ किया। जबकि इस समय तक अमेरिका एवं कई यूरोपीय देश विकसित राष्ट्र बन चुके थे एवं चीन ने तो आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को वर्ष 1980 में ही लागू कर दिया था तथा अपनी वार्षिक आर्थिक विकास दर को दहाई के आंकड़े के भी पार ले गया था।

## लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी

बजट की तैयारियों के बीच सोशल मीडिया पर एक खबर जुगनू की तरह आई और तत्काल लुप्त हो गई थी। जिसने जुगनू के उस प्रकाश को देखा और उसके संकेतों को समझने की कोशिश की थी, उन्हें इस बात का आभास हो गया था कि आम बजट में क्या होने जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा। वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है।

## मायानगरी में मां लक्ष्मी के दर्शन से दूर होती है आर्थिक तंगी, भक्त की पूरी होती है हर मन्नत

सप्ताह का हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। वहीं शुक्रवार का दिन धन की देवी मां लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से जातक को पृथ्वी लोक पर ही स्वर्ग के समान भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। इससे व्यक्ति के जीवन में व्याप्त सभी तरह के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की विशेष तरह से पूजा-अर्चना की जाती है।

वैसे तो हमारे देश में मां लक्ष्मी को समर्पित कई मंदिर हैं। आर्थिक राजधानी मुंबई में धन की देवी मां लक्ष्मी का यह मंदिर है। मुंबई को मायानगरी भी कहा जाता है। इस मंदिर का निर्माण साल 1831 में धकजी दादाजी ने करवाया था। वह पेशे से व्यापारी थे। इस मंदिर में त्रिदेवी विराजती हैं। यह त्रिदेवी मां लक्ष्मी, मां काली और मां सरस्वती की हैं। मुंबई के महालक्ष्मी मंदिर में तीनों देवियां विराजती हैं। वर्तमान समय त्रिदेवी स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित हैं। मां काली और मां सरस्वती के मध्य में धन की देवी मां लक्ष्मी की प्रतिमा है। मां लक्ष्मी अपने हाथों में कमल का फूल पकड़ी हैं। कमल का फूल मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय होता है।

## संविधान पर कोई खतरा नहीं

एस. सुनील

विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं! वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है।

'हम भारत के लोग' द्वारा संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। समस्त देशवासियों के लिए यह गर्व और प्रेरणा का दिन है।

एक गणतंत्र के रूप में भारत के 75 वर्ष पूरे करना कई मायनों में बहुत विशेष और महत्वपूर्ण है। संविधान के 75 वर्ष की यात्रा में शायद ही कोई समय रहा होगा, जब इसे लेकर इतनी चर्चा हुई होगी, जितनी अभी हो रही है।

ठीक 50 साल पहले 1975 में जब संविधान पर सबसे बड़ा हमला हुआ था यानी इमरजेंसी लगाई गई थी और देश के समस्त नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे तब भी इसकी इतनी चर्चा नहीं हुई थी।

हालांकि तब देश के नागरिकों ने मन ही मन यह संकल्प बनाया था कि देश के पवित्र संविधान पर हाथ डालने वालों को छोड़ना नहीं है।

संविधान पर हुए उस हमले के बाद देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी और तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी को सजा दी और यह स्पष्ट कर दिया कि संविधान पर हमला उसे स्वीकार्य नहीं होगा।

परंतु विडम्बना देखिए कि संविधान पर हमला करने, उसकी मूल भावना को कुचलने और अनगिनत मनमाने संशोधन करने वाली पार्टी कांग्रेस के नेता इन दिनों संविधान की सुरक्षा का अभियान चला रहे हैं और जिन लोगों ने संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन और सब कुछ दांव पर लगाया उनसे संविधान को खतरा बता रहे हैं!

वास्तविकता यह है कि संविधान पर कोई खतरा नहीं है। खतरा कांग्रेस पार्टी के अस्तित्व पर है। खतरा कांग्रेस के शाही खानदान की राजनीति पर है। खतरा तुष्टिकरकण की राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों के ऊपर है।

अपने अस्तित्व, अपनी राजनीति और पार्टी के ऊपर आए खतरे को इन पार्टियों ने संविधान पर खतरा बताना शुरू किया है।

विपक्षी पार्टियों की इस राजनीति की वजह से संविधान की चर्चा शुरू हुई है और संविधान निर्माण में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की भूमिका पर चर्चा भी घर घर पहुंची है।

इस क्रम में लोगों को इस बात की भी जानकारी मिली है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के साथ किस तरह का बरताव किया।

भारत के संविधान को खतरे में बताने वाली पार्टी और नेता असल में इसकी शक्ति को न जानते हैं और न समझते हैं।

भारत का संविधान कोई मामूली किताब या कागजों का दस्तावेज भर नहीं है। इसमें देश के 140 करोड़ लोगों की आत्मा बसती है। इसलिए यह कहना अपने आप में बचकाना है कि संविधान खतरे में है।

संविधान एक जीवित दस्तावेज है और उसमें समय की जरुरतों के हिसाब से संशोधन होते हैं। इसका प्रावधान संविधान निर्माताओं ने ही किया है।

उन्हीं प्रावधानों के आधार पर संविधान में अब तक सवा सौ से ज्यादा संशोधन हो चुके हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में केंद्र की श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने 129वें संविधान संशोधन का विधेयक पेश किया।

इसके जरिए पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का कानून बनाया जाना है। इस विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया है, जो इस पर विचार कर रही है।

यह संशोधन भी संविधान की मूल भावना को स्थापित करने के लिए लाया गया है। ध्यान रहे आजादी के बाद पहले चार लोकसभा चुनावों के साथ ही लगभग पूरे देश के विधानसभा चुनाव हुए थे।

उसके बाद कांग्रेस की केंद्र सरकार द्वारा मनमाने तरीके से राज्यों की सरकार बरखास्त करने के कारण यह चक्र टूटा। अब इस चक्र को फिर से बहाल करने का प्रयास हो रहा है।

संविधान अंगीकार किए जाने के 75 साल पूरे होने के अवसर पर यह विचार करने की भी आवश्यकता है कि तीन चौथाई सदी का संविधान का सफर कैसा रहा?

सबसे पहले तो यह बुनियादी बात समझने की जरुरत है कि कोई भी संविधान उतना ही अच्छा या उतना ही सफल होता है, जितने अच्छे उसे लागू करने वाले होते हैं।

अगर संविधान जैसा पवित्र दस्तावेज भी गलत लोगों के हाथ में हो उसका दुरुपयोग हो सकता है। श्रीमति इंदिरा गांधी ने संविधान के अनुच्छेद 352 में किए गए प्रावधानों का इस्तेमाल करके ही देश में इमरजेंसी लगाई थी।

पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर बाद की सभी कांग्रेस सरकारों ने अनुच्छेद 356 के प्रावधानों का दुरुपयोग करके ही देश के अनेक राज्यों की चुनी गई सरकारों को मनमाने तरीके से बरखास्त किया।

इमरजेंसी के समय तमाम किस्म की मनमानियां संविधान के नाम पर ही की गईं। नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया।

उच्च न्यायपालिका में मनमाने तरीके से वरिष्ठता का उल्लंघन करके जूनियर और प्रतिबद्ध जज को चीफ जस्टिस बनाया गया।

संविधान में मनमाने तरीके से संशोधन किए गए। हैरानी की बात है कि इतना सब कुछ करने वाली पार्टी अपने को संविधान का रक्षक बता रही है!

दूसरी ओर पिछले 10 साल के श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को देखें तो आजाद भारत के इतिहास में कोई भी कालखंड ऐसा नहीं रहा है, जब संविधान की संपूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की गई हो।

इस अवधि में एक भी राज्य सरकार अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल करके नहीं बरखास्त की गई है। एक जम्मू कश्मीर को छोड़ कर कहीं भी राष्टपति शासन नहीं लगाया गया।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वे आज अपने परिवार से मिल सकते हैं।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नकारात्मक सोचने से बचना चाहिए। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति का सानिध्य मिलेगा, जिससे अच्छा महसूस करेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी।

सिंह राशि : आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक  उलझनों का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा।

तुला राशि  : आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में बीतेगा। आज आप नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें।

वृश्चिक राशि  : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज युवाओं को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे। आज बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताएं।

धनु राशि : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा।

मकर राशि  : आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको अपने व्यवहार में कुछ सुधार लाने की भी जरूरत है। क्योंकि कभी-कभी आपका जल्दबाजी और आवेश पूर्ण स्वभाव लोगों के लिए परेशानियां उत्पन्न कर देता

कुंभ राशि : आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज किसी भी परिस्थिति में घबराने की वजह अपनी बुद्धि बल और कार्य क्षमता का उपयोग करेंगे

मीन राशि  : आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा।



उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुई 22 वर्षीय दलित महिला की क्रूर हत्या अब राजनीति का मुद्दा बन गयी है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बाद अब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उनको अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने योगी सरकार को खूब सुनाई है। अपने एक्स पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है।

# हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट, आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिलेगी तेजी : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट शनिवार को पेश हो गया है। इस बजट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए इसे आम जनता का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को इस जनता जनार्दन के बजट के लिए बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, आज भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। सामान्य नागरिक विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है। ये बजट बचत को बढ़ाएगा, निवेश को बढ़ाएगा, खपत को बढ़ाएगा और ग्रोथ को भी तेजी से बढ़ाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और उनकी टीम को इस जनता जनार्दन के बजट के लिए बहुत बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा, आम तौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिल्कुल उल्टा है। ये बजट देश के नागरिकों की जेब कैसी भरेगी, उनकी बचत कैसे बढ़ेगी और वे विकास के भागीदार कैसे बनेंगे, इसकी बहुत मजबूत नींव रखता है। इस बजट में रिफॉर्म की दिशा में अहम कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूक्लियर एनर्जी में निजी सेक्टर को बढ़ावा देने के निर्णय को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, न्यूक्लियर एनर्जी में निजी सेक्टर को बढ़ावा देने का निर्णय बहुत ही ऐतिहासिक है। ये आने वाले समय में सिविल न्यूक्लियर एनर्जी का बड़ा योगदान देश के विकास में सुनिश्चित करेगा। बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को हर प्रकार से प्राथमिकता दी गई है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं दो चीजों को बहुत अहम मानता हूं। एक इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टेटस देने के कारण भारत में बड़े शिप्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। ये सबसे अधिक रोजगार वाला सेक्टर है। टूरिज्म की बहुत संभावनाएं हैं। महत्वपूर्ण 50 टूरिस्ट डेस्टीनेशन पर होटल बनाएंगे, उन्हें पहली बार इन्फ्रास्ट्रक्चर के दायरे में लाकर टूरिज्म पर बहुत बल दिया है। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर रोजगार का बहुत बड़ा क्षेत्र है। पीएम मोदी ने कहा, आज देश विकास भी, विरासत भी इस मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में भी इसके लिए बहुत ठोस कदम उठाए गए हैं। एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन लांच किया गया है। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरित एक नेशनल डिपोजिटरी बनाई जाएगी। परंपरागत ज्ञान से अमृत निचोड़ने का काम किया जाएगा। पीएम मोदी किसानों के लिए की गई घोषणाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, किसानों के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, वे कृषि क्षेत्र और समूची ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई क्रांति का आधार बनेंगी। 'पीएम धनधान्य कृषि योजना' के तहत सौ जिलों में सिंचाई और इन्फ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट होगा। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख तक होने से उन्हें मदद मिलेगी।

टैक्स को लेकर की गई घोषणा पर प्रधानमंत्री ने कहा, इस बजट में 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स से मुक्त कर दिया गया है। सभी आयवर्ग के लोगों के लिए टैक्स में भी कमी की गई है। इसका बहुत फायदा मिडिल क्लास और नौकरी पेशा लोगों को होगा। इसी प्रकार से जो नए-नए प्रोफेशन में आए हैं, इनकम टैक्स की मुक्ति उनके लिए अवसर बन जाएगी। उन्होंने बताया, इस बजट में मैन्युफैक्चरिंग पर 360 डिग्री फोकस है। ताकि एंटरप्रेन्योर, एमएसएमई, छोटे उद्यमियों को मजबूती मिले और नई जॉब पैदा हो। नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन से लेकर क्लीन टेक, लैदर, फुटवियर, टॉय इंडस्ट्री जैसे सेक्टर को विशेष समर्थन दिया गया है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में महंत गलवास जी महाराज के पट्टा अभिषेक समारोह के दौरान.




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा आयोजित विश्व अकाउंटेंट्स फोरम के उद्घाटन सत्र में.

# पूज्य संतों के धैर्य के आगे विफल हुए सनातन के विरोधी : सीएम योगी

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज दौरे पर शनिवार को सेक्टर 22 में दो पूज्य संतों के पट्टाभिषेक के लिए आयोजित धर्म सभा कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया और नव मनोनीत जगद्गुरुओं को बधाई दी।

महाकुंभ के सेक्टर-22 में संतोष दास सतुआ बाबा और स्वामी राम कमलाचार्य का पट्टाभिषेक किया गया। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने दोनों संतों को जगद्गुरु के पद के लिए नामांकित किया।

इस अवसर पर सीएम योगी ने सनातन धर्म के अभियान को आगे बढ़ाने वाले दोनों संतों का अभिनंदन किया और बधाई दी। धर्म सभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सनातन धर्म के स्तंभ हैं। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से चुनौतियों का सामना करते हुए अपने इस अभियान को आगे बढ़ाना है, क्योंकि सनातन धर्म ही मानव धर्म है। सनातन रहेगा तो मानव धर्म रहेगा, मानवता रहेगी, सृष्टि रहेगी।

सीएम योगी ने कहा कि उन पूज्य संतों का अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने मौनी अमावस्या के अवसर पर पूरे धैर्य का सामना किया। कुछ पुण्यात्मा हादसे का शिकार हुईं, लेकिन उन परिस्थितियों में हमारे संत एक अभिभावक के रूप में नजर आए। जैसे परिवार के ऊपर एक विपत्ति आती है तो परिवार का अभिभावक भयभीत नहीं होता, उसी तरह हिम्मत के साथ खड़े होते हुए इस चुनौती का सामना करते हुए उन्होंने इससे उबारने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने देखा होगा जो सनातन धर्म के विरोधी हैं, वे प्रयास कर रहे थे कि संतों का धैर्य जवाब दे जाए और उसके बाद जगहंसाई कराई जाए, लेकिन अभिनंदन करूंगा पूज्य संतों का जिन्होंने उन परिस्थितियों में उस आयोजन को अपना आयोजन मानकर पूरे धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करते हुए पुण्यात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि भी दी और मां गंगा के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस आयोजन को सकुशल आगे बढ़ाया। इसी प्रेरणा से पिछले 19 दिनों के अंदर 32 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग गुमराह करके सनातन धर्म के हर एक मुद्दे पर षड्यंत्र करने से बाज नहीं आते हैं। राम जन्मभूमि से लेकर आज तक, उनका व्यवहार और चरित्र जगजाहिर है। ऐसे लोगों से सावधान होकर सनातन धर्म के आदर्शों और मूल्यों के साथ इन पूज्य संतों के सानिध्य में हमें निरंतर आगे बढ़ना होगा। जब तक पूज्य संतों का सम्मान है, सनातन धर्म का कोई बाल बांका नहीं कर सकता।

जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि जब से गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी जी ने प्रदेश में शासन को अपने हाथों में लिया है तब से सनातन का सूर्य पूरे विश्व को आलोकित कर रहा है। आज पूरे विश्व में सनातन मूल्यों के प्रति, योग आयुर्वेद के प्रति, आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जो स्वीकृति और मान्यता पैदा हुई है,

## योग गुरु बाबा रामदेव की अपील, साधु-संत योगी पर न करें अभद्र टिप्पणी

महाकुंभनगर (आरएनएस)। योग गुरु के नाम से प्रसिद्ध बाबा रामदेव ने साधु संतों से खास अपील की है कि वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी न करें।

योग गुरु स्वामी रामदेव ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बहुत दुख होता है। अंतर्मन को बहुत वेदना होती है। हमारे कुछ साधु संत योगी जी पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। एक साधु अपने राजधर्म के साथ अपने सनातन धर्म के गौरव को प्रस्थापित करने के लिए बहुत पुरुषार्थ कर रहे हैं। वह पिछले कई महीनों से तीन-चार घंटे से ज्यादा सोए नहीं होंग। ऐसे तपस्वी साधु जो हमारे सनातन के गौरव हैं। नाथ परंपरा के साथ वे राष्ट्र के भी गौरव हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन शासन और व्यवस्था में जीरो टॉलरेंस के साथ काम कर रहा है। ऐसे महापुरुष ने अच्छी व्यवस्था की, करोड़ों लोगों का स्नान सबका ध्यान रखा। भूल किसी से भी हो सकती है। इतनी बड़ी व्यवस्था में भूल-चूक हो सकती है। उन्होंने तुरंत एक्शन भी लिया। पारदर्शिता के साथ जांच भी करा रहे हैं। ऐसे में साधु-संत महात्मा के द्वारा योगी जी पर ओछी टिप्पणी अशोभनीय है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच हो रही है। जो दोषी हैं, उन पर कार्रवाई भी होगी।



आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले नई दिल्ली के जामा मस्जिद में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी.

## अगले हफ्ते आएगा न्यू इनकम टैक्स बिल, वित्त मंत्री ने किया ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना आठवां बजट पेश करते हुए बताया कि नया टैक्स बिल अगले हफ्ते सदन में पेश किया जाएगा। इस बिल के अंतर्गत 2025 से डायरेक्ट टैक्स में बदलाव लागू किए जाएंगे और यह वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा।

नई टैक्स व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स प्रावधानों को सरल बनाने, गैर-जरूरी धाराओं को हटाने और भाषा को आम नागरिकों के लिए सहज बनाने पर जोर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे कर कानूनों की समझ में आसानी आएगी, कानूनी विवादों में कमी होगी और टैक्सपेयर्स के लिए समग्र प्रणाली पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

यह तीसरी बार है जब आयकर अधिनियम को फिर से तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले, 2010 में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक पेश किया गया था, जिसके बाद मोदी सरकार ने विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। हालांकि, उस समय समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई और न ही सिफारिशों को लागू किया गया।

# ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 पोर्टफोलियो को जेन 3 में विकसित किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपने एस1 जेन 3 पोर्टफोलियो का लॉन्च करके इलेक्ट्रिक वाहन की टेक्नोलॉजी को नैक्स्ट लेवल में पहुँचा दिया है। ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एडवांस्ड जेन 3 प्लेटफॉर्म पर बने हैं। इस नए पोर्टफोलियो में एस1 एक्स (2किलोवाट) का मूल्य 79,999 रुपये से शुरू होता है। पोर्टफोलियो का सबसे महंगा सकूटर एस1 प्रो. 5.3 (किलोवाट) 1,69,999 रुपये (इंट्रोडक्टरी मूल्य) में मिलेगा।

ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा हमारे पहले जनरेशन के स्कूटर्स के साथ हमने ग्राहकों को एक एस्पायरेशनल इलेक्ट्रिक स्कूटर पेश किया था, जिसने देश में एक इलेक्ट्रिक स्कूटरों की एक मुहिम छेड़ दी। दूसरी जनरेशन के स्कूटरों को हमने ज्यादा स्मार्ट बनाया और अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया, जिसके साथ हर भारतीय को अलग-अलग मूल्य वर्ग में स्कूटर मिल सके। आज हम जेन 3 पेश कर रहे हैं। इनके साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग नैक्स्ट लेवल में पहुँच रहा है। जेन 3 के स्कूटर बेजोड़ परफॉर्मेंस और बेहतर एफिशियंसी प्रदान करते हैं, जो नए मानक स्थापित करते हुए एक बार फिर से इस उद्योग में परिवर्तन लेकर आएंगे।'' जेन 3 पोर्टफोलियो में सबसे ज्यादा चर्चा में फ्लैगशिप एस1 प्रो.5.3 किलोवाट और 4किलोवाट हैं, जिनके मूल्य क्रमशः 1,69,999 रुपये और 1,54,999 रुपये हैं। एस1 प्रो 4किलोवाट और 3किलोवाट बैटरी विकल्पों में क्रमशः 1,34,999 और 1,14,999 रुपये में उपलब्ध है।

## मां के शव के साथ नौ दिनों तक घर में बंद रहीं बेटियां

हैदराबाद (आरएनएस)। सिकंदराबाद के वारासीगुडा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. अपनी मां की मौत से सदमे में दो बहनें कथित तौर पर नौ दिनों तक उसके क्षत-विक्षत शव के साथ घर में बंद रहीं. यह घटना तब सामने आई जब पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आने लगी. पुलिस के मुताबिक, बहनों को अपनी मां से बहुत लगाव था और वे उससे अलग नहीं होना चाहती थीं. परिवार की गरीबी भी एक कारण हो सकता है. प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि अचानक हुई अपनी मां की मृत्यु से स्तब्ध बहनों ने किसी को इसकी भनक नहीं लगने दी. मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय ललिता के रूप में हुई है. वह अपनी दो बेटियों के साथ वारासीगुडा के रोड नंबर 3 में स्थित एक किराए के मकान में रहती थी. महिला की कुछ दिन पहले घर पर ही दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, उसकी बेटियों ने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी. रिपोर्टों से पता चलता है कि दाह संस्कार के खर्चों को वहन करने में असमर्थता के कारण, बहनों ने अपनी मां के शव के साथ नौ दिनों तक घर में रहने का फैसला किया.



उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात प्रयागराज में भव्य महाकुंभ मेला 2025 के दौरान भगदड़ स्थल का निरीक्षण करते हुए।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली में विज्ञान भवन में राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित थे.

# अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड कंपनी ने 4981 लाख रुपए का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला

राजकोट, गुजरात-भारत में बिजली के तारों और केबलों के उत्पादन और निर्यात में अग्रणी अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई-538706) का 4981 लाख का राइट्स इश्यू 28 जनवरी 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। कंपनी का सही इश्यू प्राइस 14.5 रुपए प्रति शेयर है और यह 11 फरवरी, 2025 को बंद होगा।

निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में भाग लेने/सदस्यता लेने के लिए बीएसई से अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के राइट्स एंटाइटेलमेंट (बीएसई प्रतीक- 750951) भी खरीद सकते हैं। राइट्स इश्यू ऑन-मार्केट अस्वीकार की समय सीमा 5 फरवरी, 2025 है।

इस इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 9:25 (रिकॉर्ड तिथि - 16 जनवरी, 2025 को शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 25 इक्विटी शेयरों के लिए 9 राइट्स इक्विटी शेयर) तय किया गया है। कंपनी 2 रुपए प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 3.43 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी।

मार्च-2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 598 लाख रुपए रहा, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 582 लाख रुपए था।इसके अलावा वित्त वर्ष 2024 के दौरान कंपनी का रेवेन्यू 12439 लाख दर्ज किया गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 10767 लाख रुपए था।

राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग ऋणों के पूर्व भुगतान/पुनर्भुगतान, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को बढ़ाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

अल्ट्राकैब (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री नितेश वघासिया ने कहा कि, 卐हमारा राइट्स इश्यू जिम्मेदार विकास, वित्तीय लचीलापन और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। हम मौजूदा शेयरधारकों को उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने का अधिकार देकर उनके विश्वास और वफादारी का सम्मान करते हैं। साथ ही रणनीतिक विस्तार और अधिग्रहण के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग हासिल करना, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ सस्टेनेबल विकास के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह कदम वास्तव में गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण के प्रति हमारे समर्पण के अनुरूप हैं। आगे बढ़ते हुए हम डिजिटल परिवर्तन और लक्षित उत्पाद और बाजार विस्तार को प्राथमिकता देकर इस गति को जारी रखेंगे। हमारा ध्यान दीर्घकालिक हितधारक मूल्य बनाने और निरंतर विकास को आगे बढ़ाने पर है।



सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के मुताबिक, शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं। जा सकता है कि शनिवार को गुरुग्राम में आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड एक्स एफडीसीआई फैशन टूर 2025 में डिजाइनर के परिधानों में से एक को पेश करते समय अभिनेत्री भावुक हो गईं।



# श्वेता तिवारी की हॉट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया तहलका, एक्ट्रेस का लेटेस्ट लुक देख दीवाने हुए फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं।

उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग पोज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। श्वेता तिवारी हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण फैंस के बीच सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने एक बार फिर से अपनी हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान पर्पल कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपनी पतली कमर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच रही

### सूर्या और पूजा हेगड़े की रेट्रो का नया पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या को पिछली बार फिल्म कंगुवा में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। इस फिल्म में बॉबी देओल और दिशा पाटनी भी नजर आए थे।

अब सूर्या जल्द ही फिल्म रेट्रो के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे।

आखिरकार फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है, वहीं रेट्रो से सूर्या की नई झलक भी सामने आ चुकी है। आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी। रेट्रो के नए पोस्टर में सूर्या का धांसू अवतार दिख रहा है। वह एक कुर्सी पर बैठे बेहद गंभीर अवतार में दिख रहे हैं। यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में सूर्या की जोड़ी दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है।

# आकांक्षा पुरी डॉन्स एंड डार्लिंग्स में विभिन्न पहलुओं को निभाने खुद को भाग्यशाली मानती हैं



टीवी अभिनेत्री आकांक्षा पुरी ने हाल ही में अपनी नवीनतम परियोजना डॉन्स एंड डार्लिंग्स में अपने चरित्र के विभिन्न पहलुओं को तलाशने के अवसर के लिए अपनी उत्तेजना व्यक्त की।

अभिनेत्री ने बताया कि वह अपनी भूमिका की जटिलताओं और विविध पहलुओं को समझने में कितनी भाग्यशाली महसूस कर रही हैं, उन्होंने इस किरदार की गहराई और बहुमुखी प्रतिभा को उजागर किया। शो में एक शक्तिशाली डॉन की बेटी नाज़ का किरदार निभाने वाली आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन से बिल्कुल अलग किरदार निभाया है। एक सहायक पुलिस आयुक्त की बेटी के रूप में, उन्होंने अपनी वास्तविक जीवन की पृष्ठभूमि से बहुत दूर एक ऐसी दुनिया की खोज की, जिसमें उन्होंने खुद को नाज़ के जीवन और रिश्तों की जटिलताओं में डुबो दिया।

पुरी ने बताया, नाज़ मुझसे बहुत अलग है और यही बात इस भूमिका को रोमांचक बनाती है। एक कलाकार के तौर पर, मैं एक ही किरदार में इतने सारे रंग तलाशने के लिए भाग्यशाली रही। नाज़ एक बेटी, एक पत्नी, एक प्रेमिका और सबसे शक्तिशाली परिवार का हिस्सा है। फिर भी, वह बस प्यार चाहती है। मुझे विश्वास है कि बहुत से लोग उसके संघर्ष और भावनाओं से जुड़ेंगे।

अपने सह-कलाकारों के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए आकांक्षा ने कहा कि यह अनुभव सहज और सुखद रहा।

उन्होंने बताया हालांकि मैं किसी को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानता था या पहले उनके साथ काम नहीं किया था, फिर भी तालमेल स्वाभाविक था और हर कोई अच्छी तरह से तैयार था इससे शूटिंग आसान हो गई।

## स्काई फोर्स ने इमरजेंसी समेत इन 3 फिल्मों को पछाड़ा, बनीं 2025 की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म

स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर पांच दिन पूरे कर लिए हैं. अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया, सारा अली खान और निमरत कौर की फिल्म ने पहले वीकेंड में शानदार कमाई की. फिल्म ने पहले ही वीकेंड पर 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और 100 करोड़ी बनने के लिए तैयार है. हालांकि, पूरे सप्ताह के दौरान गति बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है. मेकर्स के मुताबिक, स्काई फोर्स ने पहले वीकेंड पर भारत में जहां 73.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं दुनियाभर में इसने 92.90 करोड़ रुपये कमाए. 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई स्कारई फोर्स ने ओपनिंग डे पर 15.30 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. जबकि दूसरे और तीसरे दिन क्रमश: 26.30 करोड़ और 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की. रिपोर्ट में कहा गया है कि स्काई फोर्स ने चौथे दिन (शुरुआती अनुमानों के अनुसार) 6 से 7 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. वहीं, मेकर्स ने पुष्टि की कि फिल्म ने पहले सोमवार को 8.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. चार दिनों के बाद फिल्म ने 81.30 करोड़ रुपये की कुल कमाई की है. अब बात करें तो 5वें दिन की तो सैकनिल्क के मुताबिक, अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म स्काई फोर्स ने 5वें दिन 5.75 करोड़ रुपये कमाए है. यह अब तक फिल्म का सबसे कम सिंगल डे कलेक्शन है, जो अपने शुरुआती वीकेंड में डबल डिजिट में कमाई कर रही थी. इस तरह स्काई फोर्स का 5 दिनों का कुल कलेक्शन 87.05 करोड़ रुपये हो गए हैं. स्काई फोर्स वर्तमान में 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म है. अभिषेक अनिल कपूर, संदीप केवलानी की निर्देशित फिल्म एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स से पहले इंडस्ट्री में तीन अन्य फिल्में रिलीज हुई हैं- इमरजेंसी, आजाद और फतेह.

# अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा 2 ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दी दस्तक, हिंदी समेत इन भाषाओं में उपलब्ध

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. ये फिल्म देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है और वर्ल्डवाइड भी ये दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है. वहीं रिलीज के दो महीने बाद भी पुष्पा 2: द रूल' बॉक्स ऑफिस पर नोट छाप रही है. इन सबके बीच अब 'पुष्पा 2' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी राज करने आ पहुंची है. फिल्म को सभी भाषाओं में ओटीटी पर रिलीज कर दिया गया है. चलिए यहां जानते हैं 'पुष्पा 2: द रूल' को हिंदी में कहां देख सकते हैं? देश-दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक कमाई करने वाली 'पुष्पा 2' ओटीटी पर रिलीज हो गई है. बता दें कि इस एक्शन ड्रामा के रीलोडेड वर्जन को ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया है. जिसका मतलब है कि फिल्म में 23 मिनट एक्स्ट्रा एड किए गए हैं. यानी अब दर्शकों को ओटीटी पर पूरे 3 घंटे 44 मिनट की फिल्म देखने को मिलेगी. बता दें कि पहले मेकर्स ने पुष्पा 2 की ओटीटी रिलीज की घोषणा करते हुए पहले कहा था कि इसे तमिल तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में नेटफ्लिक्स पर 30 जनवरी से स्ट्रीम किया जाएगा. इस ऐलान के बाद हिंदी दर्शक मायूस हो गए थे और फिल्म के हिंदी वर्जन में भी ओटीटी पर रिलीज किए जाने का इंतजार कर रहे थे. फैंस की भारी डिमांड को देखते हुए मेकर्स ने पुष्पा 2 का हिंदी वर्जन भी 30 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया है. इसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए नेटफ्लिक्स ने पोस्ट में लिखा है, उसकी फायर अभी जिंदा है, और रूल शुरू हो गया है. नेटफ्लिक्स पर 23 एक्स्ट्रा मिनटों के साथ पुष्पा 2- रीलोडेड वर्जन देखें, अभी तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम में! कन्नड़ में. पुष्पा 2 ने इंडियन बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 56 दिनों में पहाड़ जैसा कलेक्शन कर लिया है. इस फिल्म ने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की हर फिल्म को पीछे छोड़ दिया है और तमाम नए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं. फिल्म की कमाई की बात करें तो रिलीज के 56 दिनों में पुष्पा 2 ने घरेलू बाजार में 1232.94 करोड़ का कलेक्शन किया है. वहीं वर्ल्डवाइड ये फिल्म 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है. फिलहाल ये फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में नोट छाप रही है. बता दें कि पुष्पा 2 साल 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा की सीक्वल है.

### अर्जुन कपूर की नई फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का ऐलान, रकुल प्रीत सिंह बनीं जोड़ीदार, मोशन पोस्टर जारी

पिछली बार अर्जुन कपूर फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। वह इसमें अजय देवगन से भिड़ते हुए दिखाई दिए। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। सिंघम अगेन के बाद अब अर्जुन की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम मेरे हसबैंड की बीवी है।

### बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही इमरजेंसी, जल्द सिनेमाघरों से हटाया जाएगा

कंगना रनौत इन दिनों फिल्म इमरजेंसी में दिख रही हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को बड़े पर्दे पर आई थी, लेकिन यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।

भले ही फिल्म में कंगना के काम की बड़ी तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसने कुछ कमाल नहीं किया। लाखों में सिमटी फिल्म की दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आइए बताते हैं 13वें दिन इमरजेंसी का क्या हाल रहा। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 20 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.3 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये बताजा जा रहा है। इस फिल्म में कंगना ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी इमरजेंसी के दौर की है

# हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए बेहद खतरनाक हैं ये चीजें, भूलकर भी नहीं करना चाहिए सेवन



भागदौड़ भरी जिंदगी, काम का दबाव, अनहेल्दी डाइट और खराब जीवनशैली के कारण सेहत पर बुरा असर पड़ता है. विशेषज्ञों का कहना है कि हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है. हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है खराब जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण यह तेजी से बढ़ रहा है. ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए. यदि खान-पान का ध्यान न रखा जाए तो यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है. जिसमें हृदय संबंधी समस्याएं, किडनी संबंधी रोग और लकवे का खतरा जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं.

जैसे कि हम सभी को पता है कि हाई बीपी वाले लोग अक्सर दवा पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इसे अच्छी जीवनशैली और उचित खान-पान से भी नियंत्रित किया जा सकता है।. ऐसे में मरीजों के लिए ये जानना बहुत जरूरी है कि क्या खाएं और क्या नहीं?

विशेषज्ञों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कुछ फूड आइटम्स को भूलकर भी नहीं खाने चाहिए. अगर लोग परहेज करने वाली चीजें खाएंगे तो ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ सकती है. ऐसे में जानें, हाइपरटेंशन के मरीजों को क्या खाना चाहिए? कौन से खाद्य पदार्थ नहीं खाने चाहिए? क्या कहते हैं विशेषज्ञ...

प्रोसेस्ड फूड

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को प्रोसेस्ड फूड आइटम्स से बचना चाहिए. बाजार में मिलने वाले चिप्स, नमकीन और पैकेज्ड स्नैक्स खाने से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है, क्योंकि इनमें सोडियम की मात्रा अधिक होती है. सोडियम के कारण ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है. हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को कोल्ड ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स नहीं पीना चाहिए.

ज्यादा नमक का सेवन

हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को ज्यादा नमक का सेवन नहीं करना चाहिए. हाई बीपी वालों के लिए नमक खतरनाक है. नमक में सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ता है. इसलिए मरीजों को पर्याप्त नमक ही लेना चाहिए और अधिक नमक से बचना चाहिए.

चीनी या मिठाई

हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को मीठा खाने से बचना चाहिए. मिठाइयों से शुगर लेवल तेजी से बढ़ता है. इससे आपका वजन बढ़ता है और दिल पर अधिक दबाव पड़ता है.

चाय कॉफी

चाय और कॉफी में कैफीन बड़ी मात्रा में पाया जाता है. कैफीन ब्लड प्रेशर बढ़ाता है. इसलिए दिन में 2 कप चाय या 1 कप कॉफी पिएं. इससे ज्यादा लेने पर खतरा बढ़ जाता है.

# रेस्टोरेंट या बाहर का खाना खाने से अब नहीं बढ़ेगा वजन, न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक जानें कैसे



वीकेंड हो या कोई त्योहार हम में से ज्यादातर लोग अपने परिवार के साथ अक्सर डिनर और लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाना पसंद करते हैं. वहीं घर से बाहर रहने वाले स्टूडेंट या नौकरी करने वाले लोग भी ज्यादातर समय खाना ऑनलाइन ही ऑर्डर करते हैं. ऐसे में हम जब भी खाना रेस्टोरेंट से ऑर्डर करते हैं तो कई लोग सलाह देते है कि बाहर का खाना खाने से वजन बढ़ जाएगा और मोटापा कि समस्या घेर लेगी. क्योंकि, बाहर खाए जाने वाले भोजन में घर के बने भोजन की तुलना में ज्यादा कैलोरी और फैट होती है और बाहर खाना अनजाने में वजन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है. हालांकि, कुछ रणनीतियां हैं जिनका उपयोग करके आप भोजन योजना का पालन करते हुए भी बाहर खाने का आनंद ले सकते हैं...

न्यूट्रिशनिस्ट अरबी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे रेस्टोरेंट के कुछ खास फूड आइटम्स आपका वेट कम करने में आपकी मदद कर सकता है. चलिए उन फूड आइटम्स के बारे में जानें...

होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाते या ऑर्डर करते समय इन 10 हेल्दी और वेट कम करने वाले फूड आइटम्स का जरूर रखें ध्यान

सुशी- कम कैलोरी, हाई फाइबर का सबसे अच्छा ऑप्शन है. ब्राउन चावल और सब्जी से भरे इस रोल का ऑप्शन जरूर चुनें.

पनीर टिक्का- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के लिए पनीर टिक्का का ऑप्शन बेहतर है. इसे सब्जियों और साबुत अनाज के साथ खाएं. वेजिटेबल कबाब- लो कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर ग्रिल्ड या रोस्टेड कबाब का विकल्प चुनें. भूनी हुई सब्जियां और पनीर- हाई प्रोटीन, मीडियम कैलोरी के साथ भूनी हुई सब्जियां और पनीर का ऑप्शन जरूर चुनें, इसके साथ साबुत अनाज चुनें और ज्यादा सब्जियां खाएं. सब्जी दाल सूप- कम कैलोरी, हाई फाइबर से भरपूर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ऑप्शन के लिए चुनें. खिचड़ी- कम कैलोरी, हाई फाइबर विकल्प के लिए साबुत अनाज, दाल और सब्जियों से बना खिचड़ी

## शब्द सामर्थ्य -313

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना पनागर में सुबह ललित ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी नई बस्ती झंडा चौक रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है दिनांक 1-2-25 को उसका साथी मोहित गोंड़ अपनी मालकिन हेमलता की स्कूटी से मझौली लेकर गया था मझौली से वापस आते समय शाम लगभग 7 बजे बम्हनौदा रोड़ एन एच 30 पनागर के बीच मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 एम जी 4438 का चालक अपनी मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये मोहित की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे मोहित एवं हेमलता दोनों गिर गये



# रेल विद्युतीकरण के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में पमरे द्वारा लगाई प्रदर्शनी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय रेल इस वर्ष रेल विद्युतीकरण का 100वां वर्ष (1925 - 2025) मना रहा है। इस अवसर पर सोमवार 03 फरवरी 2025 को जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर पश्चिम मध्य रेल विद्युत विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री मुकेश सहित तीनों मण्डलों के विद्युत विभाग सभी रेल अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को लगाई प्रदर्शनी की सराहना की और भारतीय रेल विद्युतीकरण के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

प्रदर्शनी में बीना सोलर पॉवर प्लान्ट एवं ओएचई में उपयुक्त कैंटीलीवर असेंबली सहित कई मॉडलों को प्रदर्शित किया गया। साथ ही पीपीटी के माध्यम से ट्रैक्शन प्रयोजन हेतु हरित ऊर्जा की खरीद हेतु रोडमैप एवं योजना प्रस्तुत की गई है। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल विद्युत विभाग की मेमोरबिलिया बुक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य भण्डार प्रबंधक श्री एम के गुप्ता, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी, मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा एवं सचिव महाप्रबंधक श्री राहुल जयपुरियार सहित अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष सहित अन्य मुख्यालय एवं मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी प्रदर्शनी में शामिल हुए।

आयोजित कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) श्री चेतन गुलवानी ने किया तथा मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर श्री जगराम मीना ने महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं कार्यक्रम में शामिल सभी विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# छात्रों ने मनाया बसन्तोत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। चंचलबाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बसंत पंचमी के अवसर पर बुद्धि ,ज्ञान ,कला, संगीत की देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन कार्यक्रम का आयोजित किया। बड़े विधि विधान से आयोजित इस कार्यक्रम में प्राध्यापक श्रेया पाठक का निर्देशन रहा जिसमें महाविद्यालय की सक्रिय छात्रा तनु साहू, सोनाली चौधरी, प्राची यादव, पलक यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।समारोह में प्राचार्य डॉ. वन्दना पाण्डेय ने सभी को बसंत पँचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती हम सबको सद्बुद्धि प्रदान करें जिससे हम सदमार्ग पर चल सके। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना कु. अर्चना उपाध्याय ने प्रस्तुत किया। गीत संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रमों में छात्राओं के द्वारा दी गई प्रस्तुति में कोहिना सोनी, तनु यादव, शिवानी,काजल,मुस्कान आदि की प्रस्तुतियां बहुत अधिक सराही गई। इस अवसर पर छात्राओं ने भंडारे में स्वयं तैयार किए गए खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। हीरा स्वीट्स के श्री विपिन रजक की ओर से लड्डुओं का वितरण भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्राची कुशवाहा एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका झरिया ने किया। बसंत पंचमी के इस उत्सव में डॉ. संजुल शर्मा, डॉ. सुनीता खरे, श्रीमती माधुरी दिग्वेकर श्रीमती पूर्णिमा सोनी, डॉ.आद्या त्रिवेदी श्रीमती रश्मि ,श्री जितेंद्र, श्री मनीष एवं श्री चमन की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

# मध्य प्रदेश के लिए रेल बजट 2025-26 में ऐतिहासिक सौगातें



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल मंत्री के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश के लिए घोषित रेल बजट 2025-26 में राज्य को रेल अवसंरचना के विकास के लिए अभूतपूर्व सौगातें दी गई हैं। इस बजट में ?14,745 करोड़ का भारी भरकम बजटीय आवंटन किया गया है, जो राज्य के रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

रेल बजट 2025-26 के तहत राज्य में 31 नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 5,869 किलोमीटर है और इन पर ?1,04,987 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य प्रदेश के 80 स्टेशनों को %अमृत स्टेशन% के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिन पर कुल ?2,708 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इन स्टेशनों में अकौड़िया, आमला, अनुपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बनापुरा, बरगवां, ब्योहारी, बेरछा, बैतूल, भिंड, भोपाल, बिजुरी, बीना, ब्यावरा राजगढ़, छिंदवाड़ा, डबरा, दमोह, दतिया, देवास, गाडरवारा, गंजबासोदा, घोड़ाडोंगरी, गुना, ग्वालियर, हरदा, हरपालपुर, इंदौर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, जुन्नारदेव, करेली, कटनी जंक्शन, कटनी मुरवारा, कटनी साउथ, खाचरोद, खजुराहो जंक्शन, खंडवा, खिरकिया, लक्ष्मीबाई नगर, मैहर, मक्सी जंक्शन, मंडला फोर्ट, मंदसौर, एमसीएस छतरपुर, मेघनगर, मुरैना, मुलताई, नागदा जंक्शन, नैनीपुर जंक्शन, नर्मदापुरम (होशंगाबाद), नरसिंहपुर, नेपनागर, नीमच, ओरछा, पांढुर्ना, पिपरिया, रतलाम, रीवा, रुथियाई, सांची, संत हिरदाराम नगर, सतना, सागर, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शाजापुर, श्यामगढ़, श्योपुर कलां, शिवपुरी, श्रीधाम, शुजालपुर, सिहोरा रोड, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया, विदिशा और विक्रमगढ़ आलोट जैसे प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं के तहत रानी कमलापति, ग्वालियर, खजुराहो, सतना, इंदौर, बीना और जबलपुर जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के पुनर्विकास पर ?1,950 करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा है। राज्य में रेलवे सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। %कवच% तकनीक के अंतर्गत 3,572 किलोमीटर रेल मार्ग पर सुरक्षा कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1,422 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। यह तकनीक ट्रेन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगी और यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाएगी।

मध्य प्रदेश में विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। राज्य में 2,808 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है, जिससे मध्य प्रदेश 100 प्रतिशत विद्युतीकृत राज्य बन चुका है। इसके अलावा, राज्य में 2,456 किलोमीटर नई पटरियों का निर्माण किया गया है, जो डेनमार्क के पूरे रेल नेटवर्क के बराबर है। यात्रियों के बेहतर अनुभव के लिए मध्य प्रदेश में 4 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जो राज्य के 14 जिलों को जोड़ती हैं और 18 अद्वितीय स्टॉपेज प्रदान करती हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 69 लिफ्ट, 41 एस्केलेटर और 408 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सत्र 2024-2025 की संबद्धता प्रक्रिया अधर में

**कुलगुरु की अनियमितताओं के खिलाफ महामहिम के नाम संभागायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ह्रस्ढ्ढ) के प्रदेश सचिव अदनान अंसारी के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर संभागायुक्त को महामहिम राज्यपाल महोदय के अपर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (ऋड्ढङ्कङ्क) के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के प्रशासनिक कार्यों में व्याप्त लापरवाही, संबद्धता प्रक्रिया में अनावश्यक देरी और महाविद्यालयों एवं छात्रों के हितों की अनदेखी को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई।

ज्ञापन में यह स्पष्ट किया गया कि सत्र 2024-25 के लिए संबद्धता प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं की गई है, जिससे जबलपुर संभाग के अनेक महाविद्यालयों का भविष्य अधर में लटक गया है। संबद्धता प्रक्रिया विश्वविद्यालय का एक महत्वपूर्ण कार्य है, जो यह सुनिश्चित करता है कि महाविद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे और अन्य आवश्यक मानकों पर खरे उतर रहे हैं। लेकिन कुलगुरु द्वारा निरीक्षण समितियों के गठन और संबद्धता प्रदान करने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जिससे न केवल शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है बल्कि छात्रों को मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में यह ज्ञात हो कि संबद्धता की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से सम्पन्न करने हेतू कुलगुरु ही ज़िम्मेदार होते हैं। उन्हीं के द्वारा निरीक्षण समितियों का गठन किया जाता है। ह्रस्ढ्ढ ने आरोप लगाया कि निरीक्षण समितियों का गठन पक्षपातपूर्ण तरीके से किया गया है, जिसमें योग्य विषय विशेषज्ञों की अनदेखी कर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त लोगों और कुलगुरु के करीबी व्यक्तियों को शामिल किया गया है। यह गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि इस तरह की समितियाँ महाविद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति का उचित आकलन नहीं कर सकतीं, जिससे संबद्धता की पूरी प्रक्रिया संदिग्ध बन जाती है। अदनान अंसारी ने बताया कि विश्वविद्यालय संबद्धता प्रक्रिया को पूरा किए बिना ही वार्षिक परीक्षाएँ आयोजित कर रहा है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। यह छात्रों और महाविद्यालयों के लिए अत्यंत चिंता का विषय है क्योंकि बिना संबद्धता के परीक्षा आयोजित करना उच्च शिक्षा की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। परीक्षा प्रणाली का उद्देश्य छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करना है,

# तिलक वार्ड अंतर्गत लकड़गंज बिजासन माता मंदिर के पीछे और रोड नाली स्वागत द्वार के विकास कार्य का हुआ भूमि पूजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि वर्षों से अपेक्षित पाइप लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई रोड जर्जर पड़ी नाली के विकास कार्य का भूमि पूजन आज क्षेत्रीय जन शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी शकील अहमद धर्मेंद्र बेन महेश समन महेंद्र बनाफर शेख साबिर हाशिम खान रोहित समन राहुल भगेल सुरेखा बनाफर संगो समन आरती समन लता संमन तौफीक खान अजहर अहमद जी रोहित समन रूबी टेलर आदि की उपस्थिति में लकड़गंज क्षेत्र स्थित बिजासन माता मंदिर के पीछे बाड़े में रोड नाली एवं स्वागत द्वार के विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया भूमि पूजन उपरांत क्षेत्रीय जन हर्ष व्यक्त किया की वर्षों के बाद जब से पाइपलाइन डाली है अब रोड और नाली के विकास कार्य होंगे इसको लेकर क्षेत्रीय जन ने पार्षद को धन्यवाद कहा और क्षेत्र की अन्य समस्याएं भी बताई

## जय मां नर्मदा...गीत से बताई मां नर्मदा की महिमा...

**स्वामी श्रीला प्रेम पारस की आवाज कर रही मुग्ध, कहा- नर्मदा किनारे ध्यान लगाकर अनुभव कर सकते हैं मां की महिमा**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ओशो होम आश्रम, भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने जय मां नर्मदा गीत... से मां नर्मदा की महिमा का गुणगान किया है। उनकी सुरीली आवाज और संगीत का जादू सभी को मुग्ध कर रहा है। गीत के माध्यम से उन्होंने दर्शाया है कि ओशो की साधना का स्थल भी नर्मदा नगरी है, वे कहते हैं कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि मां नर्मदा को स्वच्छ रखेंद्य वे मोक्षदायिनी हैं। जब भी हम मां नर्मदा के तट पर जाएं तो स्नान करके जाएं, उसके बाद मां नर्मदा के दर्शन करें। हम तटों पर गंदगी न फैलाएं। उनका मानना है कि लोग मां नर्मदा को पानी और पहाड़ों के रूप में देखते हैं, लेकिन उनकी महिमा को जानना है तो हमें ध्यान में उतरना होगा। तब कहीं हम मोक्षदायिनी की महिमा को समझ पाएंगे। सरकार ऐसे लोगों को आमंत्रित करे जो यहां ध्यान करवाएं। लोगों को मां नर्मदा का आध्यात्मिक महत्व की अनुभूति कराएं।

# बी एच यू का 110 वाँ स्थापना दिवस समारोह संपन्न





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ जबलपुर के तत्वावधान में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ( बीएचयू ) का 110 वाँ स्थापना दिवस समारोह कान्हा लेक सूपाताल सभागार में 3 फ़रवरी को माँ सरस्वती एवं महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वल के साथ संपन्न हुआ । मुख्य अतिथि नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं बी एच यू के पूर्व छात्र डॉ वी.के. भारद्वाज ने संस्थापक महामना मदन मोहन मालवीय का स्मरण करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए । विशिष्ट अतिथि ट्रिपल आई टी डी एम के निदेशक प्रोफ़ेसर भारतेंदु सिंह ने बी एच यू की स्थापना पर विस्तार से प्रकाश डाला । विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के अपर महानिदेशक श्री राजीव कुमार शुक्ल ने ज्ञान विज्ञान के सभी संभव अनुशासनों वाले बी एच यू के युगांतरकारी संस्थापक मदन मोहन मालवीय को शिक्षा के महामानव के रूप में याद किया । उन्होंने इस अवसर पर महाप्राण निराला की कविता के माध्यम से विद्या विवेक एवं बुद्धि की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के प्रति आभार जताया । विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर सुरेंद्र सिंह ने जबलपुर स्थित बी एच यू भूतपूर्व छात्रसंघ के कार्यों की सराहना करते हुए शैक्षणिक योजनाओं को समाज के वंचित वर्गों तक ले जाने का आह्वान किया । समारोह की अध्यक्षता करते हुए जाने माने भूगर्भशास्त्री डॉ ए.एन.सिंह ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय भूत पूर्व संघ जबलपुर की सुदीर्घ यात्रा पर प्रकाश डाला । समारोह के द्वितीय चरण में बाल भवन के स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया । साथ ही दिव्यांशी असाटी ने गिटार पर सरस्वती वंदना जे साथ फिल्मी गीतों की भी प्रस्तुति दी । अंत में लोकप्रिय गायक इंद्रजीत सिंह की प्रस्तुति मेरा रंग दे बसंती चोला ने देशप्रेम की भावना के रंगों की बारिश कर दी । मंचासीन अतिथियों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बी एच यू की विभूतियों को सम्मानित किया गया । साथ ही स्कूली बच्चों को विशेष उपहार और प्रमाणपत्र भेंट किए गए । इस अवसर पर सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित अग्रवाल, रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के विधि विभाग के प्रोफेसर अश्विनी जायसवाल, समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ प्रहलाद मिश्रा, आचार्य अजय कुमार तिवारी ,डॉ अखिलेश कुमार मिश्र, डॉ कृष्णा नियोगी, डॉ राजीव सिंह, डॉ विकास सिंह, हरमनजीत सिंह भाटिया , कंदला भाटिया, सीमा धूपर सहित बी एच यू के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे । बीएचयू एल्यूमनाई एसोशिएसन जबलपुर के अध्यक्ष डाक्टर ए.एन. सिंह के संयोजन में सिमरन सिंह ने समारोह का संचालन किया और महासचिव अजय कुमार गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

## डॉ. एच. पी. तिवारी बने कार्यकारी विश्व महासचिव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जाति,धर्म व वर्ग विहीन अखंड मानव समाज तथा देशगत सीमाओं से रहित अखंड विश्व जैसे व्यापक उद्देश्यों वाले अंतर्राष्ट्रीय संगठन विश्व संभ्रांत समाज द्वारा जबलपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. एच. पी. तिवारी को कार्यकारी विश्व महासचिव बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर तिवारी विगत 40 वर्षों से धर्म,संस्कृति और सुसंस्कारों के संरक्षण - संवर्धन के साथ ही राष्ट्र व समाज सेवा में संलग्न हैं। डॉ. एच. पी.अभी तक इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन में सह विश्व महासचिव के पद पर कार्य कर रहे थे।

## सगड़ा क्षेत्र की अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों के लिए साईं मंदिर के पास सगड़ा में 5 फरवरी को लगेगा शिविर

**नक्शा पास कराने रहवासी नागरिक शिविर में ही विकास शुल्क की राशि जमा कर भवन अनुज्ञा के लिए कर सकते हैं आवेदन - निगमायुक्त**

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट रूल 2021 के अनुसार नगर में स्थित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि दिनांक 05 फरवरी 2025 को सांई मंदिर के पास सेन्ट अगस्टीन स्कूल के सामने सगड़ा रोड़ में शिविर का आयोजन प्रातः 11:00 बजे 05:30 बजे तक किया गया है। इससे सैंकड़ो परिवार के लोगों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार अन्य कॉलोनियों में भी शिविर लगाकर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। कॉलोनी सेल के प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि शिविर सांई मंदिर के पास सेन्ट अगस्टीन स्कूल के सामने सगड़ा रोड़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें सगड़ा के कॉलोनाईजर को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में ही कॉलोनियों में रहने वाले रहवासी नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करने जैसी प्रक्रिया को पूर्ण करने की दिशा में आवेदन स्वीकार किये जायेगें।

## रिलेक्सो ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट के साथ किया अपने रीटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत के अग्रणी फुटवियर ब्राण्ड रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में अपने नए एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट (ईबीओ) की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नया स्टोर राज्य के उपभोक्ताओं को स्टाइलिश, टिकाऊ और किफ़ायती फुटवियर उपलब्ध कराने की रिलेक्सो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस आउटलेट का लॉन्च मध्य प्रदेश में रिलेक्सो की रीटेल विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है, । राज्य में ब्राण्ड के 43 आउटलेट्स हैं। रिलेक्सो गुणवत्तापूर्ण फुटवियर के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में क्षेत्र में मजबूती से स्थापित हो चुका है। जबलपुर के इस एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेटनए स्टोर में रिलेक्सो के प्रमुख ब्राण्ड्स जैसे फ्लाईट, स्पार्क्स, बाहमास और बॉस्टन की ओर से फुटवियर्स की व्यापक रेंज को पेश किया गया है, जो स्टाइल, आराम और फंक्शनेलिटी का बेहतरीन संयोजन लेकर आते हैं। रोज़मर्रा के लिए ज़रूरी फुटवियर्स से लेकर ट्रैंडसेटिंग डिज़ाइनों तक, यह स्टोर उपभोक्ताओं की पंसद को ध्यान में रखते हुए ढेरों विकल्प लेकर आता है और उन्हें खरीददारी का सहज एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करता है।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना घमापुर मे देर रात विवेक विश्वकर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी कांचघर घमापुर ने सूचना दी कि उसका छोटा भाई रितेश विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष शाम लगभग 7 बजे अपने घर के बेडरूम में लगे पंखे में सफेद रंग की चुन्नी से फांसी लगा लिया है जिसे उसने फांसी का फंद्दा काटकर उतारकर उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ थाना के बाहर प्रदर्शन

# रात 3 बजे धरने पर बैठे पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर में हस्र्ड्ढ कार्यकर्ताओं द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पोस्टर लगाए जाने को लेकर सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में पूर्व मंत्री व कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन थाना के बाहर धरना देकर बैठ गए. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने करीब दो घंटे तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया.

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना था कि सिविल लाइन थाना में करीब दो घंटे तक बैठाकर रखा गया है. जबकि संविधान के अनुरुप कार्यकर्ता प्रोटेस्ट कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने बर्बरतापूर्वक तरीके से घरों से उठाकर गिरफ्तार कर लिया. जैसे हम लोग कोई अपराधिक प्रवृति के है. एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही देर रात तीन बजे के लगभग पूर्व मंत्री व विधायक लखन घनघोरिया अपने कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन थाना पहुंच गए. श्री घनघोरिया का कहना था कि हस्र्ड्ढ के छात्रों के साथ पुलिस का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

छात्र नेता अपनी आइडियोलॉजी को लेकर एक जायज पोस्टर लगाकर प्रोटेस्ट कर रहे थे. यह अधिकार हमें संविधान में दिया है. लेकिन पुलिस ने सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है. घनघोरिया ने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी हस्र्ड्ढ कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी है. उन्होने कहा कि तानाशाही रवैया अपनाते हुए कार्रवाई की है तो सरकार को सड़क पर अब कांग्रेस से लड़ना पड़ेगा.

वहीं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जो भी कार्रवाई की गई है वह जायज है. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर से सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत दी गई थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है. पुलिस ने एनएसयूआई के कुछ लड़कों के खिलाफ जमानती धाराओं में स्न्रढ्ढक्र दर्ज की थी. उन्हें थाने से जमानत देकर छोड़ दिया है.



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देवी नर्मदा की वेशभूषा में सजी एक कलाकार, पारंपरिक भारतीय साड़ी पहने हुए और अपने वाहन, राजसी मगरमच्छ (मकर) के साथ जबलपुर में नर्मदा नदी के तट पर नर्मदा जयंती समारोह की तैयारी कर रही है।

# ट्रक के पिछले हिस्से से टकराई कार के परखच्चे उड़े, एक की मौत

### ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** जबलपुर स्थित बरगी रोड पर देर रात तेज गति से जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण पीछे से आ रही कार टकरा गई. दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार सवार आनंद राय के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई.

पुलिस के अनुसार स्टेशन रोड बरगी निवासी आनंद राय अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 5214 जबलपुर किसी काम से गए थे. जहां से रात को घर के लिए रवाना हुए, जब वह शिवानी ढाबा बरगी की ओर बढ़ रहे थे. इस दौरान आगे जा रहे ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया. जिससे आनंद सम्हल नहीं पाए और कार पिछले हिस्से से टकरा गई. दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं कार सवार आनंद राय के शरीर पर गंभीर चोटें आई. राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग पहुंच गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आनंद को बाहर निकाला. घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे. दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही. पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया, इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरु हो सकी.

# गोरखपुर पुलिस का जुए के फड़ पर छापा

### 5 जुआडी गिरफ्तार, नगद 15 हजार रूपये जप्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना गोरखपुर में दिनांक 2-2-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि राजेन्द्र प्रजापति के घर के पीछे मैदान रामपुर गोरखपुर में कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, राजेन्द्र प्रजापति के घर के पीछे मैदान रामपुर में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमशः अल्लू अलीम उम्र 55 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती, बल्ली बहेरिया उम्र 37 वर्ष निवासी प्रेमसागर हनुमानताल, बिनोद सेन उम्र 48 वर्ष निवासी गढ़ा पुरवा, राजेन्द्र प्रजापति उम्र 45 वर्ष निवासी रामपुर पटैल मोहल्ला गोरखपुर, माखन लाल अहिरवार उम्र 46 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास रामपुर बताये जुआरियों के पास एवं जुआ फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 15 हजार रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

उल्लेखनीय भूमिका- जुआरियों को पकड़ने में चौकी प्रभारी रामपुर श्री प्रभाकर सिंह, प्रधान आरक्षक रामयश शर्मा, आरक्षक रोहित, सुजीत, रत्नेश, सुजीत मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

# प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** थाना पनागर मे मारपीट में घायल को उपचार हेतु सीएचसी पनागर लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को रामगोपाल कोरी उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम निभौरा ने बताया कि वह घर के बाहर खेत में तकाई कर रहा था शाम लगभग 7 बजे उसकी पत्नी में हल्ला किया कि घर में दोनों बेटे आपस में लड़ रहे हैं वह आकर देखा उसका छोटा बेटा राजेन्द्र कोरी उम्र 20 वर्ष बड़े बेटे राजकुमार कोरी उम्र 21 वर्ष से सोने वाले कमरे में शराब के नशे में झगड़ा कर रहा था और चिल्लाते हुये बोला कि तूने पहले भी मेरे साथ मारपीट की थी तेरे हौसले बढ़ गये हैं आज तुझे निपटा देता हूं कहकर जान से मारने की नियत से तलवार से हमलाकर राजकुमार की गर्दन में चोट पहुँचा दी। बेटे को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल पनागर लाये हैं जहां से डाक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/एम/293/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती द्रोपदी बाई कोल, पति श्री भरत कोल एवं श्री भरत कोल, पिता श्री भगवानदीन कोल** ने भवन क्रंमाक. 1215/43 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड** , भूतल 200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1215/43 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री गन्नी गौंड़, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/एम/292/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मुकुलिका दर्शन, पति- श्री विनय दर्शने एवं श्री विनय दर्शने, पिता श्री पी.टी. दर्शने** ने भवन क्रंमाक. 1668 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड** , भूतल 725 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1668 **वार्ड गिरिराज किशोर कपूर वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती हेमलता राजे/श्री गजानन राजे, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/एम/289/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती राजश्री पटैल, पति- श्री शेवेन्द्र पटैल** ने भवन क्रंमाक. 1848/36/41 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड** , प्लाट 1500 व.फु., भूतल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1848/36/41 **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती गीता विश्वकर्मा, पिता- श्री पूरन लाल एवं श्री नरेश कुमार के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं-03 रामपुर**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/669/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कलावती कोरी, पति- स्व. श्री रामप्रसाद कोरी** ने मकान नं. 335 पिन नं.1000484049 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल कच्चा 600 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 335 बेगम चौक दाफाई नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/670/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कृष्णा सिंह चंदेल, पति- सव्यराज सिंह चंदेल** ने मकान नं. 1105 पिन नं.1000485251 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल सीमेन्ट टीन 600 व.फु., **शपथपत्र, सहमति पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1105 बिहारी मोहल्ला पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/666/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रभा बाई, पति- दशरथ सिंह** ने मकान नं. 251-252 पिन नं.1000451347 **वार्ड आचार्य विनोवा भावे वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 330 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 330 व.फु., **विक्रयपत्र, खसरा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 251-252 कांचघर चौक के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/668/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री लाजपत राय कलवानी, 2. श्री पवन कलवानी, पिता- स्व. श्री दयाराम कलवानी** ने मकान नं. 1794 पिन नं.1000458748 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 1186 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 1186 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी विक्रयपत्र, आपसी पारिवारिक बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1794 झड़ा चौक, झामन दास चौक पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/एम/667/ दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री प्रकाश कलवानी, 2. श्री तनुमल कलवानी, पिता- स्व.श्री ज्ञानचंद कलवानी** ने मकान नं. 1794/1 पिन नं.1000458748 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 564 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 564 व.फु., **दानपत्र, आपसी पारिवारिक बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1794/1 झड़ा चौक, झामन दास चौक पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 177 2024-2025 दिनांक 21/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **1. श्री नीलेश पाल, 2. श्री शुभम पाल, दोनों के पिता- श्री रामनरेश पाल** ने भवन क्रंमाक 2568/3, संपत्ति कर/पिन नं. 1000432036 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री पुष्पराज कोरी, पिता स्व. श्री बसंत लाल कोरी, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड** , निर्मित भूतल 1150 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-7,अधारताल**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./45 दिनांक 31.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1 श्रीमती शशि कोरी, पति- श्री कैलाश चंद्र कोरी, पुत्री- तनु कोरी, पिता- श्री कैलाश चन्द्र कोरी** ने मकान नं. 3033 गढ़ा, पिन. नं. 1000532508 **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड,** भूतल 684 व.फु., **शपथ पत्र, बटवारा नामा** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./44 दिनांक 31.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शोभा कोरी, पति- स्व. श्री प्रकाशचंद कोरी** ने मकान नं. 3033 का भाग पिन. नं. 1000532508 **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड,** भूतल 684 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बटवारा नामा** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/285 2024-25 दिनांक 01/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000621090 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री प्रवेश कुमार जांमभुलकर, पिता श्री मधुकर जांमभुलकर** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती निशा कनोजिया, पति श्री रवि कनोजिया** , ने **मकान नं. 705/डी-04 वार्ड क्र.-10,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 684 व.फु., भूतल 462 व.फु., प्रथमतल 462 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृज विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/287 2024-25 दिनांक 03/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000621127 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सोमनाथ सिंह/ श्री बलवंत सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती रंजीत कौर विरदी, पति- स्व. श्री तेजिन्दर पाल सिंह विरदी एवं श्री सरदार हरमीत सिंह, पिता- स्व. श्री तेजिन्दर पाल सिंह विरदी** , ने **मकान नं. 764 वार्ड क्र.-10,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 838 व.फु., भूतल 838 व.फु., प्रथमतल 838 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृज विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/286 2024-25 दिनांक 03/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000504283 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मिन्टू उर्फ आशीष ठाकुर, पिता- श्री देवी प्रसाद पटेल,** के स्थान पर आवेदक **श्री किशोर कुमार चेतवानी, पिता- श्री गजनमल चेतवान** , ने **मकान नं. 953/1 आमनपुर वार्ड क्र.-14,........ वार्ड,** क्षेत्रफल 212 व.फु., भूतल 120 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/216 दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित कुमार रावत, पिता-श्री वीरेन्द्र कुमार रावत** ने मकान नं. दुकान 220 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 330 व.फु., भूतल 330 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/25/एम/215 दिनांक 03.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजेश अग्रवाल, पिता- स्व. श्री जयनारायण अग्रवाल** ने मकान नं. 1145 , **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 900 व.फु., भूतल 900 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999